page 1_Layout 1 26-09-2026 21:27 Page 1

अनमोल वचन

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 27 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :155 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती

शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई पर रोक

कंबाइन हार्वेस्टर पर सुपर एसएमएस अनिवार्य



एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, श्री विवेक कुमार मोदी

डेली आवाज भारती

बरनाला के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, श्री विवेक कुमार मोदी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 202× की धारा 16× के तहत बरनाला जिले की सीमा के भीतर शाम 6:00 बजे से सुबह 10:00 बजे के बीच कंबाइन हार्वेस्टर से फसल की कटाई पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, धान की कटाई करने वाले कंबाइन हार्वेस्टर के मालिकों को निर्देश दिया गया है कि वे इस्तेमाल से पहले कृषि विभाग से अपनी मशीनों की जांच करवा लें; बिना 'सुपर SMS' (सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम) लगे किसी भी कंबाइन हार्वेस्टर को नहीं चलाया जाएगा।

यूएन में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भारत को फिर दी धमकी!

कहा, पानी रोका तो युद्ध की कार्रवाई मानेंगे

- सेना कार्रवाई को 'सटीक जवाब' बता आसीम मुनीर के नेतृत्व की तारीफ
- मई 2025 में पहलगाम हमले के बाद बढ़े सैन्य तनाव का उल्लेख किया
- शहबाज शरीफ के भाषण के बाद भारत ने भी संयुक्त राष्ट्र में जवाब दिया
- कश्मीर मुद्दे के समाधान को क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए जरूरी बताया

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के खिलाफ कड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सिंधु नदी प्रणाली के पानी को रोकने, बाधित करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश को पाकिस्तान 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा। इसके साथ ही उन्होंने कश्मीर का मुद्दा भी उठाया और इसे



पाकिस्तान के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। शहबाज शरीफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिण एशिया में दोबारा ऐसे हालात नहीं बनने चाहिए। उन्होंने कश्मीर मुद्दे के समाधान को क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए जरूरी बताया। शहबाज ने मई 2025 में पहलगाम हमले के बाद बढ़े सैन्य तनाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने पाकिस्तान की सेना की कार्रवाई को 'सटीक जवाब' बताते सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर के नेतृत्व की तारीफ की।

भारत ने जम्मू-कश्मीर को बताया अभिन्न हिस्सा

शहबाज शरीफ के भाषण के बाद भारत ने भी संयुक्त राष्ट्र में जवाब दिया। भारत की ह मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी पेटल गहलोत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर का मुद्दा भी उठाया। गहलोत ने वहां कथित हत्याओं, हिंसा और बुनियादी अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाए। उन्होंने पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को लेकर भी आरोप लगाए।

पंजाब को नशे के संकट से मुक्त कराने के लिए किसान आंदोलन की तरह एकजुट होकर आंदोलन शुरू करने की अपील की : बीबा हरसिमरत कौर बादल

डेली आवाज भारती

मोहाली। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज पंजाब की महिलाओं से एकजुट होने और आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के तहत राज्य को नशे की समस्या से मुक्त कराने के लिए किसान आंदोलन की तर्ज एक आंदोलन शुरू करने की अपील की है। बठिंडा सांसद ने मोहाली में विशाल 'मावां-धीया' रैली को संबोधित करते हुए कहा,'' अगर हमें अपने बेटों और आने वाली पी ी को बचाना है तो चीजों को अपने हाथ में लेने का समय आ गया है। आइए हम इस खतरे का उसी तरह मुकाबला करें जैसे हमने तीनों काले खेती कानूनों का विरोध किया और केद्रं सरकार को उन्हें वापिस लेने के लिए मजबूर किया। आइए, हम अपने



गांवों में 'ठिकरी पहरा' शुरू करें ताकि मौत के दूतों और आम आदमी पार्टी के नेताओं-पुलिस गठजो को साफ तौर पर संदेश दिया जा सके कि पंजाब की महिलाएं जाग गई हैं। अब बहुत हो गया अब हम अपनी गलियों में ड्रग्ज की बिक्री बेचने नही देंगें।''

पूर्व कांग्रेस और मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार दोनों ने उन्हें कैसे विफल कर दिया इस बारे बोलते हुए बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' कांग्रेस ने हमारे नौजवानों के खिलाफ बंदूक का इस्तेमाल किया। यह सरकरा ड्रग्ज की 'गोली' का इस्तेमाल कर रही है।'' उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में स्थिति खराब हो गई है। आपको दुकानों से टॉफियां भले ही न मिलें, लेकिन ड्रग्ज की गोली जरूर मिलेगी। इसी तरह आटे की कमी हो सकती है, लेकिन 'चिटटा ''नही।'' यह कहते हुए कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस पूरी स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए बीबा बादल ने सवाल किया,'' ड्रग्ज को अपने पदों से दूर रखने की जिम्मेदारी किसकी है?'' उन्होने यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री नशे के तस्करों को सलाखों के पीछे डालने के अपने वादे को पूरा क्यों नही कर रहे हैं? उन्होने यह साबित करने के लिए नवीनतम राष्ट्रीय आंके ों का हवाला दिया कि कैसे आम आदमी पाटी की निगरानी में पंजाब नशे की तस्करी में पहले स्थान पर आ गया और ड्रग ओवरडोज से मरने वालों में दूसरे स्थान पर है। यह कहते हुए कि केवल शिरोमणी अकाली दल ही उनके अधिकारों के लिए ले सकती है, '' आपके मुददे हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। इसीलिए मैंने तीनों काले कानूनों के विरोध में केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।''

कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता एक बार फिर सामने आई, पार्टी नेताओं ने दलित महिलाओं का किया अपमान : हरपाल सिंह चीमा

कांग्रेसी नेता बार-बार अभद्र शब्दावली का प्रयोग कर दलित समुदाय को निशाना बना रहे

- राजा वड़िंग से लेकर हर स्तर के नेताओं तक, कांग्रेस बार-बार दलित समुदाय को निशाना बनाती हैः हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती



बूटा सिंह जी से लेकर नमोल तक, कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता पूरी तरह सामने आ चुकी हैः हरपाल सिंह चीमा

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा अब पंजाब के लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से लेकर पार्टी के छोटे-बड़े नेता लगातार दलित समुदाय को निशाना बना रहे हैं। चीमा ने कहा कि कभी हमारे बहुत ही सम्मानीय स्वर्गवासी बूटा सिंह जी (पूर्व गृह मंत्री) के रंग और जाति पर भद्दी टिप्पणियां की जाती हैं और कभी अन्य नेता दलितों के प्रति अपनी नफरत का प्रदर्शन करते हैं, जिससे साफ होता है कि कांग्रेस की मानसिकता पूरी तरह दलित विरोधी है। नमोल गांव की हालिया घटना का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि जब वहां की बहुत सारी महिलाओं ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा नशा बेचने और पंजाब सरकार को बदनाम करने की घटिया चालों का पर्दाफाश किया, तो घबराहट में आकर कांग्रेसी नेताओं ने हमारी दलित बहनों और महिलाओं के प्रति बहुत ही आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां कीं। यह घटना कांग्रेसी नेतृत्व के निम्न स्तर और नफरत भरे रवैये को बयान करती है। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार पंजाब के लोगों की भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है। सरकार द्वारा किए जा रहे जनपक्षीय कामों से डरकर और घबराकर कांग्रेसी नेता सामाजिक दरार पैदा करने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के ऐसे दलित विरोधी बयानों और हरकतों की सख्त शब्दों में कड़ी निंदा की।

2027 में दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे अमृतपाल!

धूरी से भगवंत मान को चुनौती देने की चर्चा

- धूरी, खडूर साहिब, तलवंडी साबो व रामपुरा फूल
- कौन-सी दो सीटें चुनी जाती हैं, इस पर नजर बनी
- अंतिम फैसला पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड करेगा
- धूरी को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है

डेली आवाज भारती

पंजाब की 2027 विधानसभा चुनावी तैयारियों के बीच अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब से सांसद



अमृतपाल सिंह के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पार्टी से जुड़े नेताओं के मुताबिक, अमृतपाल सिंह को दो विधानसभा सीटों से चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी है। हालांकि, किन दो सीटों से वह चुनाव लड़ेंगे, इसका अंतिम फैसला पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनप्रीत सिंह अयाली के हवाले से कहा गया है कि अमृतपाल सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धूरी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, धूरी को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने अमृतपाल सिंह के खडूर साहिब से चुनाव लड़ने और मालवा क्षेत्र की धूरी सीट से भी मैदान में उतरने की संभावना जताई थी।

अंतिम फैसला पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड करेगा

फिलहाल दो विधानसभा सीटों को लेकर पार्टी स्तर पर चर्चा चल रही है। अंतिम रूप से किन दो सीटों से अमृतपाल सिंह चुनाव लड़ेंगे, इसका फैसला पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड करेगा। ऐसे में धूरी, खडूर साहिब, तलवंडी साबो और रामपुरा फूल में से कौन-सी दो सीटें चुनी जाती हैं, इस पर नजर बनी हुई है। इनमें धूरी से चुनाव लड़ने को लेकर अमृतपाल सिंह की रुचि की भी चर्चा है।

कांगो में बड़ा विमान हादसा

सेना के दो सीनियर जनरल रैंक अधिकारी समेत 14 लोगों की मौत

- विमान प्लॉट में जा गिरा और आग की चपेट में आ गया
- वहीं मेजर जनरल एकेन्गे ने बयान जारी कर हादसे की पुष्टि की

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DR Congo) में शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ। सेना का एक विमान तकनीकी खराबी के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार दो सीनियर जनरल रैंक अधिकारी समेत सभी 14 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब कांगो की सेना देश के पूर्वी हिस्से में रवांडा-समर्थित रू23 विद्रोही समूह समेत कई बागी



गुटों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। हाल के महीनों में M23 के हमलों के चलते क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, विमान किकवित से राजधानी किंशासा लौट रहा था। उड़ान के दौरान विमान में अचानक गंभीर तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने विमान पर नियंत्रण खो दिया और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। क्रांगो प्रांत के उप राज्यपाल रेमी साकी बोकिंडा के मुताबिक, पायलट ने केंगे में विमान उतारने की कोशिश की, लेकिन विमान एक प्लॉट में जा गिरा और आग की चपेट में आ गया। हादसे में दोनों जनरलों के अलावा प्रतिनिधिमंडल के 12 सदस्य और क्रू मेंबर्स मारे गए।

हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं है

कांगो सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल एफोमी एकेन्गे ने आधिकारिक बयान जारी कर हादसे की पुष्टि की है। मृतकों में मिलिट्री कोर्ट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुटोम्बो कटालायी टिएंडे और सशस्त्र बलों के ऑडिटर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल बाकुमी लिकुलिया शामिल हैं। सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन ट्रिफोन किन-कीये मुलुम्बा ने कहा कि हादसे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है। सेना के प्रवक्ता के अनुसार, दुर्घटना की विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है।

पंजाबियों से मनप्रीत अयाली से सावधान रहने की अपील की जिन्होने पंथक वोटों को विभाजित करने के लिए मुख्यमंत्री के साथ मिलीभगत कीः सरदार सुखबीर सिंह बादल

डेली आवाज भारती

लुधियाना/चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज पंजाबियों से वायरस पंजाब दे और उसके नेता मनप्रीत सिंह अयाली से सावधान रहने की अपील की है, जिन्होने आम आदमी पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए पंथक वोटों को विभाजित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हाथ मिलाया है। दाखा हलके के छप्पर मेले में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि यह समझौता इस हद तक था कि आम आदमी पार्टी ने छपार मेले में कोई राजनीतिक कांफ्रेंस नही की और अपने समर्थकों को डब्ल्यूपीडी की सभा में बदल दिया। उन्होने जोर देकर कहा,'' इसके



बावजूद डब्ल्यूपीडी की कांफ्रेंस में अकाली दल के सम्मेलन से आधे भी लोग नही जुड़े थे।''

सरदार बादल ने यहां एक विशाल और सफल कांफ्रेंस आयोजित करने के लिए स्थानीय अगुवाई की सराहना की और स्थानीय लीडरशीप की प्रशंसा की और आगामी विधानसभा चुनावों में दाखा हलके से जसकरण सिंह दिओल को चुनने की अपील की। यह कहते हुए कि मनप्रीत अयाली दलबदलू है और वह अपना कारोबार और राजनीतिक करियर बचाने के लिए भगवंत मान के साथ मिलीभगत की है। उन्होने कहा,'' अयाली ने अवंता ग्रीन्स कॉलोनी के निर्मित क्षेत्र को अवैध रूप से बे ाकर और उसे पिछली तारीख में नियमित करने की कोशिश कर कई अनियमितताएं की । उनहोने अपनी जमीन को लैंड पूलिंग योजना से भी बाहर करवा लिया और जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही थी, उन्हें भाग्य के सहारे छो दिया।'' सरदार बादल ने लैंड पूलिंग योजना के खिलाफ 'मोर्चा' शुरू किया जिसके कारण सरकार को अकेले इस जिले में 35 हजार एके जमीन का अधिग्रहण करने के लिए अपनी अधिसूचना वापिस लेनी पे ी। अकाली दल सरकार बनने के बाद पार्टी अयाली के खिलाफ कार्यवाही शुरू करेगा और उन्हे उनके सभी गैरकानूनी कार्यो के लिए जवाबदेही ठहराया जाएगा।'' अकाली दल अध्यक्ष ने खुलासा किया कि अयाली और डब्ल्यूपीडी को मुख्यमंत्री द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है, और मंडी बोर्ड के एक चीफ इंजीनियर को जत्थेबंदी को हर महीने करोड़ों रूपये देने का आदेश दिया गया है।

सीएम मान ने 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026' पर 7 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी की बुलाई मीटिंग

- मीटिंग आज चंडीगढ़ में सीएम के निवास पर होगी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सबसे बड़ी पवित्रता और गरिमा के प्रति गहरी श्रद्धा दिखाते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 27 सितंबर को चंडीगढ़ में अपने घर पर 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026' के लिए बनाई गई 7 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी की मीटिंग बुलाई है। यह कमेटी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रति सम्मान और श्रद्धा के ऊंचे मापदंडों को बरकरार रखने के



उद्देश्य से एक्ट के प्रोविज़न और उसे लागू करने से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करेगी। पंजाब सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, यह मीटिंग 27 सितंबर को दोपहर 1 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 2 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के घर पर होगी। कोऑर्डिनेशन कमेटी के सभी सदस्य मीटिंग में शामिल होंगे। कमेटी श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट, 2026 के नियमों और इसे लागू करने से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श करेगी। इस 7 सदस्यों वाली कोऑर्डिनेशन कमेटी में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह, संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा, संत बाबा सेवा सिंह, पूर्व जस्टिस जसविंदर सिंह, पूर्व जस्टिस गुरबीर सिंह, पूर्व आईपीएस अधिकारी जतिंदर सिंह औलख और एडवोकेट एस. प्रीत इंदर पाल सिंह शामिल हैं। यह मीटिंग बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि कमेटी को इस कानून के नियमों और इसे लागू करने से जुड़े मामलों पर विचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

CMYK

page 2_Layout 1 26-09-2026 17:13 Page 1

पंजाब: पटियाला की चिटकारा यूनिवर्सिटी में 'भूत' की अफवाह के बाद मचा हंगामा, पुलिस वाहन में भी तोड़फोड़

डेली आवाज भारती

पटियाला। पंजाब के राजपुरा में स्थित चिटकारा यूनिवर्सिटी में %भूत% की अफवाह के बाद शुक्रवार देर रात हंगामा मच गया। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद माहौल बेहद तनावपूर्ण रहा। यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्र सड़कों पर उतर आए और कैंपस में जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की। फिलहाल, पटियाला पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। छात्रों का दावा था कि कैंपस में पहले किसी लड़की ने आत्महत्या की थी और उसका %भूत% अब हॉस्टल के कमरों में रहने वाले छात्रों को परेशान कर रहा है। हालांकि, मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्डों और यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया कि यहां ऐसी कोई आत्महत्या की घटना नहीं हुई है। प्रशासन के मुताबिक, कुछ शरारती छात्र जानबूझकर दूसरे छात्रों के



कमरों के दरवाजे खटखटाकर वहां से भाग जाते हैं। हालांकि, छात्र प्रशासन की इस दलील को मानने के लिए तैयार नहीं हुए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे।

मामला बढ़ता देख थाना बनूड़, थाना सदर राजपुरा और थाना सिटी राजपुरा से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की ओर से छात्रों को शांत करने और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किए जाने के दौरान माहौल और बिगड़ गया। आरोप है कि छात्रों ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई की और पुलिस की एक गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान छात्रों की ओर से केएसएम चौकी (सिटी राजपुरा) के इंचार्ज अजय कुमार के साथ भी कथित तौर पर मारपीट किए जाने की जानकारी सामने आई। छात्रों ने आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज ने शराब पी रखी थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी की लैब में ही उनका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। आखिरकार पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए छात्रों को भरोसा दिया कि रात के समय दरवाजे खटखटाने की घटनाओं की सीसीटीवी के माध्यम से बारीकी से जांच की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जो भी शरारती तत्व संलिप्त पाया गया, उसके खिलाफ सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए और अपने-अपने हॉस्टल की ओर लौट गए।

फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। डीएसपी सुखदेव सिंह ने कहा ने कहा कि चिटकारा यूनिवर्सिटी में दो छात्राओं के लापता होने की अफवाह और किसी छात्रा का नाम या पहचान सामने नहीं आई। डीएसपी ने कहा कि अभिभावकों और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए स्पष्ट करना चाहते हैं कि आज चिटकारा यूनिवर्सिटी में कुछ छात्रों की ओर से दो लड़कियों के लापता होने की बात कही गई थी। इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी पोस्ट सामने आई थी। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय एसएचओ गुरसेवक सिंह, डीएसपी बनूड़ और यूनिवर्सिटी प्रशासन के साथ पुलिस टीम ने छात्रों से बातचीत की तथा उनकी शिकायतें भी ली हैं। डीएसपी ने कहा कि फिलहाल किसी भी छात्र को यह जानकारी नहीं है कि कौन-सी दो लड़कियां कथित तौर पर लापता हैं। किसी छात्रा का नाम या पहचान भी सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया यह बात अफवाह के तौर पर सामने आई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने छात्रों की शिकायत दर्ज कर ली है और पूरे मामले की जांच की जाएगी। प्रत्येक छात्र से जानकारी लेकर सत्यापन किया जाएगा। यदि कोई छात्रा वास्तव में लापता पाई जाती है तो उसकी भी पूरी जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा: सोनीपत में घरेलू झगड़े के चलते पति ने की पत्नी की हत्या

डेली आवाज भारती

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत जिले में घरेलू झगड़े के दौरान एक 32 वर्षीय महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि महिला की उसके पति ने खेत में इस्तेमाल होने वाले औजार से हत्या की और फरार हो गया। यह घटना सोनीपत के रहमाणा गांव हुई। पता चला है कि मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी नरेश कुमार अपनी पत्नी राजवंती और करीब दस साल के बेटे के साथ गांव रहमाणा में किसान राजेंद्र के खेत में बने कमरे में रहते थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद को लेकर अक्सर कहासुनी होती थी। नरेश ने शराब के नशे में व पुराने विवाद के चलते कथित रूप से राजवंती पर कस्सी से हमला कर दिया। राजवंती के चेहरे, सिर व पेट पर कई वार किए गए हैं। हमले में महिला की मौत हो गई। आरोप है कि वारदात के समय



नरेश शराब के नशे में था। घटना की सूचना मिलने पर मोहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस प्रेस प्रवक्ता रवींद्र कुमार ने बताया कि गांव रहमाणा से सूचना मिली थी कि एक महिला की हत्या कर दी गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उसी के पति ने अपनी पत्नी की हत्या की है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है की हत्या घरेलू विवाद के चलते की गई है।

उन्होंने बताया कि महिला के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। किसी नुकीले हथियार से हमला किया गया था। पुलिस प्रेस प्रवक्ता रवींद्र कुमार ने यह भी बताया कि घटनास्थल पर शराब की बोतलें मिली हैं। अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि पति-पत्नी दोनों शराब पीते थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पूरे मामले में गहनता से जांच की जा रही है, जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पाकिस्तान कश्मीर भूलकर पीओके लौटाने पर विचार करे, तभी वहां आएगा सुख-चैन: अनिल विज

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रममंत्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान को अब कश्मरी भूलकर अपनी कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से यानि पीओके को वापिस करने पर विचार करना चाहिए क्योंकि जब तक पाकिस्तान कश्मीर-कश्मीर बोलता रहेगा तब तक वहां पर सुख-चैन नहीं आएगा। इसके अलावा, विज ने पानी के मुद्दे पर कहा कि भारत का पानी भारत के खेतों के लिए हैं। वहीं, विज ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि लगातार हार से कांग्रेस बौखलाई हुई है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। पत्रकारों द्वारा आज यूएनओ में एक पार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर पर अपना अधिकार जमाया है, के बारे में विज ने प्रश्न किया तो ऊर्जा मंत्री



ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि पाकिस्तान को अब कश्मीर को भूल जाना चाहिए। कश्मीर की जनता ने अपनी सरकार चुनी और तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भी उसी विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे जिस पर हिन्दूस्तान की 565 विरासतों ने किए थे, जो पूरे कश्मीर के लिए थे।

विज ने कहा कि पाकिस्तान को अब कश्मीर को भूल पर कश्मीर का टुके ा भी वापिस करने पर विचार करना चाहिए और जब तक पाकिस्तान कश्मीर कश्मीर बोलता रहेगा तब तक वहां सुख चौन नहीं आयेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का कहना है कि भारत ने अगर पाकिस्तान का पानी रोका तो वो ''एक्ट ऑफ वार'' होगा, के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विज ने कहा कि पानी भारत का है और जब भी संधियाँ हुई थी वो गलत हुई थी और भारत अपने खेतों को पानी देगा न कि पाकिस्तान को। विज ने कहा कि हमारे खेत प्यासे रहे और पानी पाकिस्तान में जाता रहे, ये हमे बर्दाश्त नहीं है। कांग्रेस लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर उनके इस्तीफे की मांग कर रही है, के प्रश्न के उत्तर में विज ने कहा कि स्कूल से फेल होने वाला बच्चा घर आकर रोता ही है, ये प्रदेश-पे-प्रदेश हारते जा रहे है और 22 प्रदेशों में भाजपा की सरकार है। उन्होंने बताया कि सभी मतदाता ठीक हो, गलत मतदाताओं को निकाला जाए ताकि कोई भी गलत वोट न कर पाए, यही चुनाव आयोग का काम है। परंतु विपक्ष चुनाव आयोग के काम पर बाधा डाल रहा है। अगर कोई गलती है तो उसको ठीक करने के लिए 1 महीने का टाइम देना चाहिए और पूरी प्रक्रिया तैयार हो रही है। लेकिन कांग्रेस को सिर्फ इसी बात का दुख है कि ''हाय अम्मा हम हार गए''।

चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठते सवाल लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर देश की जनता का विश्वास लोकतंत्र की बुनियाद है। यदि इस संस्था के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होता है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस हमेशा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की पक्षधर रही है और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा एवं स्वायत्तता की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लिए गए कई फैसलों को लेकर विपक्ष और आम नागरिकों के बीच गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और



राजनीतिक प्रभाव से मुक्त दिखाई देने चाहिए। जिन निर्णयों और चुनावी प्रक्रियाओं पर सवाल उठे हैं, उनकी निष्पक्ष जांच हो और आवश्यक तथ्य सार्वजनिक किए जाएं, ताकि देश के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। सांसद ने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूचियों को लेकर कांग्रेस लगातार अपनी चिंताएं सामने रख रही है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से नहीं हटना चाहिए। मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने संबंधी शिकायतों और आरोपों की पारदर्शी जांच जरूरी है। प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की मनमानी स्वीकार नहीं की जा सकती। कुमारी सैलजा ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों, प्रदेश नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी मतदाता सूचियों तथा चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतें लगातार उठाई हैं। कांग्रेस की मांग है कि इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि कहीं अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। उत्तराखंड की भाजपा सरकार की खिलाफ जनता में रोष: कुमारी सैलजा ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, कर्मचारियों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों में असंतोष है। सरकार जनता की अपेक्षाओं पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक हथकंडों पर निर्भर नहीं रह सकती।

मताधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी कांग्रेस:

कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि संस्थाओं की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की है। चुनाव आयोग को विपक्ष और नागरिकों द्वारा उठाए जा रहे सवालों का तथ्यपूर्ण जवाब देकर चुनाव प्रक्रिया के प्रति विश्वास मजबूत करना चाहिए। सांसद ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों, निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक पात्र मतदाता के मताधिकार की रक्षा के लिए अपनी आवाज मजबूती से उठाती रहेगी।

पंजाब में पराली जलाने के 32 मामले सामने आए, 25 की हुई जांच

डेली आवाज भारती

पटियाला। पंजाब में पराली जलाने के संबंध में इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) सैटेलाइट प्रोटोकॉल के तहत अब तक 32 घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) ने जानकारी दी कि 32 में से 25 मामलों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया गया, जबकि 12 स्थानों पर मौके पर आग की पुष्टि हुई। सीएक्यूएम की रिपोर्ट के मुताबिक, 8 केसों में पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया, जिसकी कुल राशि 40,000 रुपए है। इसमें से अब तक 10,000 रुपए की वसूली की जा चुकी है। वहीं, पराली जलाने के मामलों में 5 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 4 मामलों में संबंधित नोडल/सुपरवाइजरी अधिकारियों को चेतावनी नोटिस जारी किए गए हैं।



पटियाला जिले में रिपोर्ट के अनुसार, आग की एक घटना सामने आई। इसका निरीक्षण किया गया और मौके पर भी इसकी पुष्टि हुई। इस मामले में 5,000 रुपए का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया। हालांकि, रिपोर्ट में अभी तक इसकी वसूली शून्य दर्ज है।

जिलावार आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक मामले अमृतसर में दर्ज हुए हैं। यहां कुल 18 मामले आए और 11 मामलों में फील्ड निरीक्षण किया गया। आयोग ने 4 की मौके पर पुष्टि की। इसको लेकर कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपए का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया और वसूल भी किया गया। तरनतारन जिले में 5 मामले आए और 2 की मौके पर पुष्टि हुई। इन 2 मामलों में कुल 10,000 रुपए का मुआवजा वसूल किया गया है। साथ ही, इन घटनाओं को लेकर दो एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। फिरोजपुर जिले में 4 मामले आए और सभी 4 का निरीक्षण व पुष्टि की गई। 3 मामलों में कुल 15,000 रुपए का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया, जिनमें से 5,000 रुपए वसूल किए गए। फिरोजपुर में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि चार चेतावनी नोटिस भी जारी किए गए हैं।

हरियाणा और पंजाब की सभ्यता, संस्कृति और संतों की विरासत साझी : मुख्यमंत्री

डेली आवाज भारती

होशियारपुर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तप, संयम और आत्म-अनुशासन ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। असली विजय किसी दूसरे को हराने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, लोभ, अहंकार और नफरत पर विजय पाने में है। मुख्यमंत्री शनिवार को पंजाब के होशियारपुर में प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के बड़े साहिबजादे बाबा श्री चंद जी महाराज के 532वें प्रकाश पर्व और पूर्णमासी के पावन अवसर पर आयोजित %सर्वधर्म सम्मेलन% को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में पधारे संतों और धर्माचार्यों का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-



अलग धर्मों की उपासना पद्धतियां, प्रार्थना के तरीके, वेशभूषा और भाषाएं भले ही भिन्न हो सकती हैं, लेकिन सबकी मंजिल एक ही है। मनुष्य के भीतर प्रेम जगाना, अहंकार को मिटाना, दुखी की सेवा करना और परमात्मा से जुड़ना है। यह सर्वधर्म सम्मेलन पंजाब की उस महान संस्कृति का जीवंत संदेश है जो दिलों को जोड़ती है और मानवता को सर्वोपरि रखती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा श्री चंद जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1494 में जन्मे बाबा श्री चंद जी का जीवन वैराग्य, तप और साधना की अद्भुत मिसाल है। संतों ने कठिन दौर में धार्मिक स्थलों की सेवा-संभाल करने के साथ-साथ श्री गुरु नानक देव जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में अमूल्य योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु नानक देव जी की 16वीं पीढ़ी के वंशज और कार्यक्रम के आयोजक श्रद्धेय बाबा सुखदेव सिंह बेदी जी का धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने इस पावन प्रकाश पर्व को सर्वधर्म सम्मेलन से जोड़कर सर्व-समाज को एक मंच पर लाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब केवल भौगोलिक रूप से ही पास नहीं हैं, बल्कि दोनों प्रदेशों की सभ्यता, संस्कृति और संतों की विरासत भी साझी है। हरियाणा की पावन धरती पर कुरुक्षेत्र, पिहोवा, कैथल, जींद, सिरसा और अंबाला जैसे अनेक स्थलों पर गुरु परंपरा और उदासी संतों की पावन स्मृतियां आज भी जीवंत हैं। पंजाब की धरा पर उन्हें सदैव अपनेपन और भाईचारे का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त की कि आज नशा, हिंसा, तनाव और भटकाव युवा शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा श्री चंद जी महाराज से आत्म-अनुशासन, श्री गुरु नानक देव जी से सेवा और गुरु परंपरा से साहस सीखकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रोजगार, उद्यम और राष्ट्र निर्माण में लगाएं। गुरबाणी के संदेश 'पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने धार्मिक आयोजनों को स्वच्छता, जल-संरक्षण और वृक्षारोपण से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व के अवसर पर पौधा लगाना, किसी जरूरतमंद की सहायता करना और युवा को नशामुक्त बनाना ही बाबा श्री चंद जी के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी।

श्री परशुराम मंदिर कुराली में 28 सितंबर से सजेगा श्रीमद्भागवत कथा का भव्य दरबार

डेली आवाज भारती

कुराली। संदीप अकालगढ़िया: भगवान श्री परशुराम मंदिर, सिंघपुरा रोड कुराली में महिला कीर्तन मंडली श्री परशुराम मंदिर कुराली की ओर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 28 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक श्रद्धापूर्वक करवाया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कथा के शुभारंभ से पहले 27 सितंबर, रविवार को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से कलश यात्रा में पहुंचकर धार्मिक आयोजन का शुभारंभ करने का आग्रह किया गया है। इस दौरान प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. खेमचंद शास्त्री जी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म, संस्कार तथा मानव जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व से संबंधित विभिन्न



प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा के सातों दिनों के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक वातावरण रहेगा। आयोजकों ने शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों की संगत को भी कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, श्रद्धा और धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा मिलता है। 5 अक्टूबर, सोमवार को सुबह 11 बजे पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण करने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री ब्राह्मण सभा कुराली का विशेष सहयोग रहेगा। महिला कीर्तन मंडली श्री परशुराम मंदिर कुराली द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर धार्मिक कथा का लाभ उठाएं और आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कथा का लाइव प्रसारण 'Khemchand Shastri JiÓ यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा।

थाना तलवंडी भाई पुलिस ने रेता से भरे ट्राला चालक को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना तलवंडी भाई की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान लापरवाही से ट्राला चलाकर लोगों की जिंदगी को खतरे में डालने वाले ट्राला चालक को रेता से भरे हुए ट्राला चालक को गिर▪तार किया है और उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि बीते दिन उन्होंने टी प्वाईंट की नाकाबंदी के दौरान आर.जे43-जीए4972 टाटा 5530 ट्राला चालक को लापरवाही से उसे चलाते हुए देखा तो उन्होंने पुलिस पार्टी के साथ काफी मुश्किल से ट्राले को रुकवाया और उसे काबू करके उसका नाम पता पूछा तो ट्राला चालक ने अपना नाम ओम प्रकाश पुत्र भगवान राम पुत्र रंगा राम वासी गीरवारसर राजस्थान बताया है। मामले की जांच कर रहे सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी ओम प्रकाश पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

भारत-वेस्टइंडीज मैच 3 अक्टूबर को, रोहित और विराट को सम्मानित करेगा पीसीए: अमरजीत मेहता

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह मेहता ने जानकारी दी है कि आगामी 3 अक्टूबर को न्यू पीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक मेंस वनडे इंटरनेशनल मुकाबला खेला जाएगा। इस खास मौके पर पीसीए भारतीय क्रिकेट के दो महान दिग्गजों–रोहित शर्मा और विराट कोहली को विशेष रूप से सम्मानित करेगा।

पीसीए प्रेसिडेंट ने बताया कि न्यू चंडीगढ़ का यह विश्वस्तरीय मैदान इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट मैचों की सफल मेजबानी कर चुका है। 3 अक्टूबर का यह मुकाबला इस मैदान के लिए आधिकारिक मेंस वनडे डेब्यू होगा, जो पंजाब के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। मुकाबले का



मुख्य आकर्षण रोहित और विराट होंगे, लेकिन शुभमन गिल पर भी सभी की नजरें रहेंगी। वे पहली बार अपने नए होम ग्राउंड पर बतौर कप्तान टीम का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही घरेलू दर्शकों के लिए यह मैच बेहद रोमांचक रहेगा, क्योंकि पंजाब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नमन धीर को इस मैच में मौका मिलने की संभावना है, जबकि तेज गेंदबाज गुरनूर भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

फैंस की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध:

अमरजीत मेहता ने कहा, फ़यह मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए ताउम्र याद रहने वाला अनुभव साबित होगा। पीसीए यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि स्टेडियम आने वाले हर दर्शक को अपने स्टार खिलाड़ियों को देखने का बेहतरीन और सहज अनुभव मिले। दर्शकों के प्रवेश, सिटिंग अरेंजमेंट, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

CMYK

page 3_Layout 1 26-09-2026 17:36 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ रविवार, 27 सितंबर 2026

फिरोजपुर पुलिस की कार्रवाई

काउंटर इंटेलीजेंस इंस्पेक्टर को करोड़ों रुपए की हेरोइन और हथियारों सहित किया गिरफ्तार

गिरफ्तार इंस्पैक्टर संबंधित थाने में एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

डेली आवाज भारती



?????

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर के थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने काउंटर इंटेलीजेंस फरीदकोट यूनिट के इंस्पेक्टर बलदेव सिंह को फिरोजपुर मोगा रोड पर आई-20 कार के साथ 3 किलो 350 ग्राम हैरोइन, मैगजीन सहित 6 पिस्तौल, 4 अन्य मैगजीन, 17 जिंदा कारतूसों और 6 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है।

मालूम हो कि उक्त इंस्पैक्टर के खिलाफ संबंधित थाने में एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भूपिंदर सिंह सिद्धू एसएसपी फिरोजपुर ने पत्रकार सम्मेलन के दौरान बताया कि थाना घल्लखुर्द के एसएचओ इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह को गश्त के दौरान यह गुप्त सूचना मिली थी कि काउंटर इंटेलिजेंस फरीदकोट यूनिट में तैनात इंस्पेक्टर बलदेव सिंह फिरोजपुर मोगा रोड पर फिरोजपुर की ओर से अपनी आई-20 कार में भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और हथियार लेकर आ रहा है, जिस पर फिरोजशाह के टोल प्लाजा पर तुरंत नाकाबंदी करते हुए इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने फिरोजशाह टोल प्लाजा पर इंस्पेक्टर बलदेव सिंह की कार को रोक कर जब तलाशी ली तो उसकी उसकी कार में से यह नशीले पदार्थ और हथियार बरामद हुए। उन्होंने बताया कि तस्करी और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस के चलते हुए इस हैरोइन और हथियारों की बरामदगी में जो-जो लोग भी शामिल होंगे उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी ने कहा कि इंस्पेक्टर बलदेव सिंह से जो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, उनको बड़ी बारीकी के साथचेक किया जाएगा और उसके बैकवर्ड तथा फॉरवर्ड लिंक ट्रेस किए जाएंगे। इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए एसएसपी फिरोजपुर ने बताया कि पकड़े गए पिस्टलों में गलोक पिस्टल भी है और इस बात का पता लगाया जा रहा है कि काउंटर इंटेलीजेंस के इंस्पेक्टर बलदेव सिंह के पास 3 किलो 350 ग्राम हैरोइन की खेप, 6 पिस्टल, मैगजीन, जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन कहां से आए? उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन किन-किन लोगों के नाम पर है, इसकी भी जांच की जा रही है। यहां बताने योगय है कि पकड़ी गई हैरोइन और हथियार पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाए गए थे ,जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपए बताई जाती है।

1 ग्राम हेरोइन व नशा करने वाले सामान सहित दो गिरफ्तार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लखोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन व नशा करने वाले सामान बरामद किया है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहसहाय के एस.आई बलदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर कब्रिस्तान बाबे की दरगाह के नजदीक से नशा करते हुए साजन उर्फ गोगी पुत्र बाबू लाल वासी नजदीक बेर साहिब गुरु घर सरकारी स्कूल की बैक साईड गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे सले 1 लाईटर, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी और 10 रुपए का नोट बरामद किया है।

तीन मोटरसाईकिल सवार एक्टीवा सवार महिला से उसका पर्स छीनकर हुए फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन एक एक्टीवा सवार महिला से उसका पर्स छीनकर फरार हुए तीन मोटरसाईकिल सवारों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलजिन्द्र कौर पत्नी आत्मा सिंह वासी बेदी कालोनी फिरोजपुर शहर ने बताया कि बीते दिन जब वह शाम के समय अपनी एक्टीवा स्कूटरी पर सवार होकर बस स्टैंड फिरोजपुर शहर को जा रही थी तो नामदेव चौक के नजदीक से मोटरसाईकिल पर सवार क्रिशन उर्फ क्रिश पुत्र किक्कर सिंह वासी बस्ती आवा नजदीक वीर प्रधान चौक फिरोजपुर शहर, सुखविन्द्र सिंह उर्फ बब्बी पुत्र जगीरा वासी बस्ती आवा गली पापड़ वडि ां वाली फिरोजपुर शहर और पिशु उर्फ गोल्डी पुत्र संदीप वासी गली नम्बु एम.सी वाली बस्ती आवा फिरोजपुर शहर उससे उसका पर्स छीनकर फरार हो गए और दोषियों ने उसकी एक्टीवा को भी लात मारकर गिरा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पर्स में 45 हजार की नगदी और जरुरी दस्तावेज थे। मामले की जांच कर रहे गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त सभी दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

फ्रेंड कॉलोनी में मां-बेटी के शव मिलने से दहशत, परिवार ने जीजा पर लगाए हत्या के आरोप



डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): अलीवाल रोड स्थित फ्रेंड कॉलोनी में एक घर के अंदर मां-बेटी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान बबली और उसकी बेटी तमन्ना के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक के साथ-साथ डर का माहौल बना हुआ है। मृतक बबली के भाई विजय ने आरोप लगाया कि उसकी बहन और भांजी की हत्या उसके जीजा जसविंदर मसी ने तेजधार हथियार से की है। विजय के मुताबिक, जसविंदर पहले गांव कैरोवाल में रहता था, लेकिन कुछ समय पहले बटाला आकर फ्रेंड कॉलोनी में किराये के मकान में रहने लगा था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, घर में लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना का पता चलने पर परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन की पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी लखविंदर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक सुखदेव सिंह और सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार सहित पुलिस टीम ने घर और आसपास के इलाके की बारीकी से जांच की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस द्वारा परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों और घटना में किसकी भूमिका है, यह जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस द्वारा सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बरनाला में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिताएं धूमधाम से संपन्न



डेली आवाज भारती

बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : जिला शिक्षा अधिकारी (से.शि.) बरनाला सुनीतइंदर सिंह गिल और उप जिला शिक्षा अधिकारी (से.शि.) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह के नेतृत्व में यहां बाबा काला मेहर स्टेडियम में चल रही 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत रग्बी अंडर-17 (लड़कियां) के मुकाबले शानदार ढंग से संपन्न हो गए। विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित करने के लिए जिला योजना बोर्ड बरनाला के चेयरमैन परमिंदर सिंह भंगू विशेष रूप से पहुंचे। विजेता टीमों को बधाई देते हुए परमिंदर सिंह भंगू ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों के तहत पंजाब के गांवों, शहरों और कस्बों में खेल मैदानों का निर्माण किया गया है। इन खेल मैदानों में सुबह-शाम बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़कर नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। डीएम स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बरनाला ने फरीदकोट, गुरदासपुर ने श्री फतेहगढ़ साहिब, संगरूर ने फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब ने अमृतसर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

यूपीआई पर एमडीआर चार्ज के विरोध में मोबाइल रिटेलरों का 'नो यूपीआई डे'

- 2 अक्टूबर को क्यूआर कोड पर काली पट्टी बांधकर जताएंगे विरोध

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया) चंडीगढ़ और ट्राइसिटी के मोबाइल रिटेलरों ने यूपीआई के माध्यम से होने वाले योग्य मर्चेंट लेन-देन पर लगाए जा रहे 0.4 प्रतिशत एमडीआर चार्ज के विरोध में 2 अक्टूबर 2026 को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान किया है। इस दौरान चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के भाग लेने वाले मोबाइल रिटेलर यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं करके अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। मोबाइल रिटेलरों का कहना है कि स्थानीय व्यापारी पहले ही कम मार्जिन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यूपीआई लेन-देन पर अतिरिक्त चार्ज लगने से छोटे और स्थानीय व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की चिंता है। रिटेलरों के अनुसार मोबाइल कारोबार में बड़ी संख्या में बिल 2,000 रुपये से अधिक के होते हैं।

ऐसे में एमडीआर चार्ज का सीधा असर व्यापारियों के मुनाफे पर पड़ सकता है। उनका कहना है कि मोबाइल रिटेल कारोबार पहले से ही कम मार्जिन और ऑनलाइन बाजार की प्रतिस्पर्धा के कारण दबाव में है। व्यापारियों ने कहा कि उन्होंने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान से जोड़ने और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने में अपना योगदान दिया है। उनकी मांग है कि मर्चेंट यूपीआई पर जीरो एमडीआर की व्यवस्था बहाल की जाए और व्यापारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ न डाला जाए। 2 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 'नो यूपीआई डे' के दौरान भाग लेने वाली दुकानों के यूपीआई क्यूआर कोड को काले कपड़े या काली पट्टी से ढककर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। इसके माध्यम से व्यापारियों की एकजुटता और एमडीआर चार्ज के विरोध का संदेश दिया जाएगा। मोबाइल रिटेलरों ने केंद्र सरकार, वित्त मंत्रालय और एनपीसीआई से अपील की है कि मर्चेंट यूपीआई से जुड़े चार्ज के संबंध में व्यापारियों की चिंताओं का संज्ञान लिया जाए और जीरो एमडीआर की मांग पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को अगले चरण तक ले जाने के संबंध में फैसला लिया जाएगा। इस अभियान में चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के मोबाइल रिटेलरों के शामिल होने की बात कही गई है।

एन.एच.एम कर्मचारियों ने मांग की प्राप्ति के लिए रोष रैली कर संघर्ष तेज करने की घोषणा की

चरणबद्ध विरोध करते हुए 9 अक्तूबर को धूरी में की जाएगी राज्य स्तरीय महा रोष रैली

डेली आवाज भारती



एन.एच.एम कर्मचारी मांगों को लेकर रोष रैली करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): एन.एच.एम इंप्लाईज यूनियन पंजाब द्वारा अपनी लंबे समय से लटकती हकों और जायज मांगों के समाधान के लिए रोष रैली करते हुए संघर्ष को ओर तेज करने की घोषणा की गई है। जिसमें यूनियन द्वारा जारी किए गए संघर्ष कार्यक्रम के तहत पंजाब भर में चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन करने के उपरांत 9 अक्तूबर को राज्य स्तरीय महा रैली करने का निर्णय लिया गया है। यूनियन नेता नरेंद्र सिंह ने बताया कि 28 सितंबर 2026 को पंजाब के सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालयों के बाहर जिला स्तरीय धरने दिए जाएंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जनों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग और सरकार को एन.एच.एम. कर्मचारियों की लंबित मांगों से अवगत कराया जाएगा। यूनियन नेता बगीचा सिंह ने बताया कि 1 अक्तूबर 2026 को पंजाब भर में विधायकों के कार्यालयों के आगे विरोध प्रदर्शन करके उन्हें कर्मचारियों की मांगों के संबंध में मांग पत्र सौंपे जाएंगे। यूनियन द्वारा सरकार से पिछली बैठकों में किए गए फैसलों और आश्वासनों को अमल में लाने की मांग की जाएगी। इसी कड़ी के तहत 9 अक्तूबर 2026 को राज्य स्तरीय महा रैली की जाएगी, जिसमें पंजाब भर से लगभग 6,000 से 6,500 एन.एच.एम कर्मचारियों के अलावा अन्य भाईचारा स्वास्थ्य संगठनों के सदस्यों द्वारा शिरकत की जाएगी। यूनियन नेताओं द्वारा सरकार के समक्ष मुख्य रूप से एन.एच.एम कर्मचारियों की वर्षों से लटकती जायज मांगों को तुरंत विभागीय समिति के माध्यम से हल करने, पिछली बैठक में किए गए फैसलों को लागू करने और मांगों के स्थायी समाधान के लिए विशेष समिति की बैठक बुलाने की मांग की गई है। इसके अलावा यूनियन नेता डा.प्रीत मखीजा द्वारा समान काम समान वेतन के सिद्धांत को लागू करने, एन.एच.एम कर्मचारियों के वेतन में उचित वृद्धि करने और लंबे समय से सेवा निभा रहे कर्मचारियों के वेतन से संबंधित मुद्दों का निपटारा करने की मांग की गई है। यूनियन नेताओं ने लंबे समय से विभिन्न कैडरों से संबंधित लंबित मुद्दों और सरकार व स्वास्थ्य विभाग के पास पहले से चल रही फाइलों का भी शीघ्र निपटारा करने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों को अपने हकों के लिए बार-बार संघर्ष ना करना पड़े। यूनियन नेताओं ने कहा कि एन.एच.एम कर्मचारी राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इसलिए उनकी जायज मांगों को लगातार लटकाने के बजाय सरकार द्वारा गंभीरता से विचार करके बातचीत के माध्यम से ठोस और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

जालंधर सिटी गुड्स शेड में रेलवे की अनूठी पहल..

मजदूरों, व्यापारियों और रोड ट्रांसपोर्टरों को मिलेगी उचित दरों पर खान-पान की सुविधा : अधिकारी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से जालंधर सिटी गुड्स शेड में फूड वेन के संचालन का अनुबंध पांच वर्षों की अवधि के लिए सफलतापूर्वक आवंटित किया गया है। फूड वेन के शुरू होने से गुड्स शेड में कार्यरत लोगों को वहीं पर उचित मूल्य पर खाने-पीने की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्हें भोजन या जलपान के लिए गुड्स शेड से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस सुविधा का सीधा लाभ लोडिंग-अनलोडिंग की कार्यप्रणाली पर भी पड़ेगा। भोजन के लिए बाहर जाने में लगने वाला समय बचेगा, जिससे लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य निर्धारित फ्री-टाइम के भीतर सुचारू रूप से पूरा करने में मदद मिलेगी। इससे रेक का अनावश्यक डिटेंशन कम होगा और रेक टर्न में भी सुधार आएगा। इससे रेलवे के साथ जुड़े विभिन्न हितधारकों को कार्यस्थल पर ही बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। फिरोजपुर मंडल द्वारा ई-नीलामी प्रणाली से पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है तथा रेलवे के गैर-किराया राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह पहल रेलवे की आय बढ़ाने के साथ-साथ रेलवे के साथ जुड़े हितधारकों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

मामला धोखे से गाड़ी ले जाकर उसे आगे बेचकर एवं जाली साईन करके आर.सी बनाने का

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने एक व्यक्ति से धोखे से उसकी गाड़ी ले जाकर बेचने और उसके जाली हस्ताक्षर करके आर.सी तैयार करने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी देते हुए थाना गुरुरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता बलजिन्द्र सिंह बराड़ पुत्र अमरजीत सिंह वासी कोहर सिंह वाला हाल नजदीक सिविल अस्पताल गुरुहरसहाय ने बताया कि उसने एक टाटा सिगना 2825 मॉडल 2021 पीकेएफ फाईनांस लिम.बलबीर टॉवर नामदेव चौक जीटी रोड जालंधर से फाईनांस करवाई थी और उसकी समय पर वह किश्ते दे रहा था।

खरड़ में खेल सुविधाओं को मिलेगी नई उड़ान, 2.40 करोड़ रुपये की लागत से तीन आधुनिक स्पोर्ट्स पार्कों का काम शुरू

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया: खरड़ हलके में खेल सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से हलका खरड़ के इंचार्ज एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड पंजाब परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा करीब 2.40 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत करवाई गई। इनमें नगर कौंसिल खरड़ के वार्ड नंबर 17, गांव त्रिपड़ी और गांव रडियाला में बनने वाले तीन आधुनिक स्पोर्ट्स पार्क मुख्य रूप से शामिल हैं। वार्ड नंबर 17 में स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण पर 47 लाख रुपये, गांव त्रिपड़ी में 49.50 लाख रुपये और गांव रडियाला में 48.85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। तीनों स्पोर्ट्स पार्कों के निर्माण पर कुल 1.45 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। इन आधुनिक स्पोर्ट्स पार्कों में युवाओं और बच्चों के लिए विभिन्न खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इनमें रनिंग ट्रैक, फुटबॉल ग्राउंड, बास्केटबॉल कोर्ट, क्रिकेट बॉक्स पिच, बैडमिंटन कोर्ट और लॉन्ग जंप के लिए विशेष क्षेत्र शामिल होंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए किड्स जोन, इनडोर एवं आउटडोर पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय तथा अन्य खेल गतिविधियों के लिए भी स्थान विकसित किए जाएंगे। इस अवसर पर अन्य विकास कार्यों की भी शुरुआत की गई। गांव रडियाला में टोभे के सामने ड्रेन एवं पेवर टाइलों के कार्य पर 33.20 लाख रुपये, रडियाला में ड्रेन के निर्माण पर 12.50 लाख रुपये, गांव त्रिपड़ी में लंगर हॉल के पीछे पेवर टाइलों एवं स्टॉर्म पाइप के कार्य पर 23.07 लाख रुपये तथा गांव त्रिपड़ी की फिरनी के बिटुमिनस कार्य पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस मौके पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ बच्चों और युवाओं से रखी जाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उन्हें नशे से दूर रखने के उद्देश्य से खरड़ हलके में खेल सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

झिंगड़ा कलां में किसान क्रेडिट कार्ड संबंधी विशेष कैंप आयोजित

डेली आवाज भारती



कुराली,संदीप अकालगढ़िया: गांव झिंगड़ा कलां में पशुपालन विभाग की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) संबंधी विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप के दौरान पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने तथा केंद्र एवं पंजाब सरकार द्वारा पशुपालन क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कैंप में श्री अखिल चौहान, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, शाखा कुराली तथा संजे` कुमार, वी.ओ.एम. कुराली ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर पशुपालकों को केसीसी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से पशुपालन से संबंधित आवश्यकताओं के लिए कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने पशुपालकों को पात्रता के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. गुरनाम सिंह ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने पशुपालकों को बकरी पालन, सूअर पालन तथा पशुओं के लिए शेड निर्माण आदि से संबंधित सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पशुपालक सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाकर अपने पशुपालन व्यवसाय को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकते हैं।

कैंप के दौरान पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाने के उपायों के बारे में भी पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान वेक्सीनेशन एवं टीकाकरण, पशु रोगों से बचाव, चिचड़ों से सुरक्षा तथा पशुओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य का नियमित ध्यान रखने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर पशु चिकित्सक से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कैंप के अंत में राजवीर सिंह, वेटरनरी इंस्पेक्टर, सीवीडी झिंगड़ा कलां ने कैंप में पहुंचे सभी पशुपालकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इसके उपरांत पशुपालकों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पशुपालकों ने कैंप के माध्यम से मिली जानकारी को उपयोगी बताते हुए सरकारी योजनाओं और पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए विभाग का आभार व्यक्त किया।

page 4_Layout 1 26-09-2026 17:54 Page 1

तीन महीने का वादा, साढ़े चार साल का इंतजार– फिर भी पंजाब नशामुक्त नहीं: बलदेव सिंह औलख

नशामुक्त पंजाब के लिए पंजाबियों को खुद आगे आना होगा: बलदेव सिंह औलख

- नशा पंजाब की युवा पीढ़ी और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा: सुरजीत कुमार जियाणी

डेली आवाज भारती



तरनतारन, के.एस. बेदी : 'नशामुक्त पंजाब यात्रा' के नौवें दिन तरनतारन विधानसभा क्षेत्र में हलका प्रभारी सरदार हरजीत सिंह संधू द्वारा आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे से बचाना अब हर पंजाबी की जिम्मेदारी है। पंजाब सरकार पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 2022 में पंजाब को तीन महीने में नशामुक्त करने का वादा किया गया था, लेकिन वर्ष बीतते गए और नशा कम होने के बजाय पंजाब के परिवारों का दर्द बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि पंजाब भाजपा अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में चल रही यह यात्रा कोई राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि पंजाब की भावी पीढ़ी को बचाने का जन-अभियान है। औलख ने कहा कि जब सरकार की नीयत और राजनीतिक इच्छाशक्ति स्पष्ट हो तो पुलिस को नशे के नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा, ÷पुलिस को पता है कि नशा कहां बिकता है और कहां से आता है। जरूरत केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति और हौसले की है। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए औलख ने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार बनने के बाद कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई तथा आपराधिक गतिविधियों, गैंगवार और अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस भी सक्षम है, लेकिन उसे प्रभावी ढंग से काम करने के लिए राजनीतिक समर्थन और स्वतंत्र वातावरण मिलना चाहिए।

भावुक होते हुए औलख ने कहा कि पंजाब वह धरती है जिसने देश की आजादी और सुरक्षा के लिए महान बलिदान दिए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुओं और शहीदों की इस धरती पर आज माताओं को अपने बच्चों को नशे के कारण बर्बाद होते देखना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा, ÷पंजाब का हर बच्चा हमारा बच्चा है। अगर हम आज नहीं जागे तो कल किसी और परिवार को यही दर्द झेलना पड़ सकता है। औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने पंजाब को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने पंजाबियों से इस अभियान से जुड़कर पंजाब को नशामुक्त, सुरक्षित और खुशहाल बनाने में योगदान देने की अपील की।

खुड्डी कलां के 650 एकड़ रकबे को पांच दशक बाद सींचेगा नहरी पानी

- लोकसभा सदस्य मीत हेयर ने 2.01 करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली)÷ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नहरी पानी हर खेत तक पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से नहरी प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। इन प्रोजेक्टों के चलते कई दशकों बाद किसानों को नहरी पानी की सुविधा मिल रही है। यह बात लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीत हेयर ने गांव खुड्डी कलां में 2.01 करोड़ रुपये की लागत से मोघे से टेल फूंट खाल के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत करवाते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत 6700 मीटर (6.7 किलोमीटर) लंबा खाल बनाया जाएगा, जिससे करीब 650 एकड़ रकबे को 50 साल बाद पहली बार नहरी पानी की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला बरनाला में करोड़ों रुपये के विकास कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अकेले जल संसाधन विभाग के माध्यम से करीब 300 करोड़ रुपये के कार्य करवाए गए हैं, जिनमें मोघे, खालों और अंडरग्राउंड पाइपलाइन के कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले हरीगढ़ नहर गुजरने के बावजूद हरीगढ़ गांव को नहरी पानी की सुविधा नहीं मिल रही थी। उनके प्रयासों से हरीगढ़, भूरे, बडबर सहित विभिन्न गांवों में मोघे निकलवाए गए और कई गांवों में दशकों बाद नहरी पानी पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले किसी भी सरकार द्वारा नहरी कार्यों पर इतने फंड खर्च नहीं किए गए, जितने मान सरकार द्वारा क्षेत्र में नहरी प्रोजेक्टों पर खर्च किए गए हैं। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चल रहे प्रोजेक्टों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन श्री राम तीरथ मन्ना, हलका इंचार्ज हरिंदर सिंह धालीवाल, एक्सईएन जल संसाधन विभाग हर्षात वर्मा तथा गांववासी उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित

- पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चलाई विशेष जागरूकता मुहिम

डेली आवाज भारती



बरनाला, (राकेश जेठी): **पंजाब** को प्रदूषण मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा चेयरमैन रीना गुप्ता के नेतृत्व में विशेष जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना और आम लोगों को इसके खतरनाक प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

इसी मुहिम के तहत पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ) के अधीन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) बरनाला की ओर से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को लेकर तीन विशेष नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। ये नुक्कड़ नाटक शहर की प्रमुख और भीड़भाड़ वाली जगहों, जैसे सब्जी मंडी, बस स्टैंड और एक स्थानीय मार्केट में प्रस्तुत किए गए।

इन नाटकों के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और जीव-जंतुओं के लिए कितना घातक है। इस मौके पर आम लोगों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक के लिफाफों और अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का पूरी तरह त्याग करें। लोगों को प्रेरित किया गया कि बाजार जाते समय प्लास्टिक की बजाय कपड़े, जूट या अन्य दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले (रीयूजेबल) थैलों का इस्तेमाल अपनी रोजमर्रा की आदत बनाएं। बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि इस व्यापक जागरूकता मुहिम का मुख्य उद्देश्य पंजाब भर में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को जड़ से खत्म करना और आम जनता में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान किया जा सके।

विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए किया गया प्रोत्साहित



डेली आवाज भारती

धनौला, (हरप्रीत शर्मा) : युवाओं को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने और मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पंजाब पब्लिक स्कूल, धनौला में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बरजिंदर पाल सिंह, डिप्टी डी.ई.ओ. (सेकेंडरी शिक्षा) बरनाला और श्री मेजर सिंह, सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष पूरी हो रही है। उन्होंने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। इसलिए पात्र विद्यार्थियों को अपनी वोट जरूर बनवानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चेयरमैन, प्रिंसिपल और समस्त शिक्षक भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन की ओर से शिक्षा विभाग और प्रशासन के इस स्वीप (SVEEP) अभियान की भरपूर सराहना की गई तथा विद्यार्थियों से अपनी वोट बनवाने की अपील की गई।

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री भरतपुर, सोएमाजरा व चूहड़माजरा में दिखाई गई

डेली आवाज भारती



खरड़। संदीप अकालगढ़िया। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म गांव-गांव दिखाने की कड़ी के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव भरतपुर, सोएमाजरा और चूहड़माजरा में 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई गई। इस अवसर पर उपमंडल मजिस्ट्रेट खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष पहल की गई है। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं तथा मानवता को दिए गए महान संदेश के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने समाज में समानता, भाईचारे, मेहनत और सांझीवालता का संदेश दिया। उनकी वाणी मानवता को जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी प्रेम, सम्मान और एकता के साथ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देती है। गांवों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई गई इस डॉक्यूमेंट्री को ग्रामीणों ने रुचि के साथ देखा। इस दौरान लोगों को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से युवा पीढ़ी को महान गुरु साहिबानों की शिक्षाओं तथा सामाजिक समानता के संदेश से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने लोगों से श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया।

मिशन आरंभ: शानदार प्रदर्शन करने वाली 22 आंगनवाड़ी वर्करों का विशेष सम्मान

- एडीसी हरजिंदर सिंह बेदी ने प्रमाण पत्र वितरित कर वर्करों का बढ़ाया हौसला

डेली आवाज भारती



बरनाला, (राकेश जेठी): आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने के उद्देश्य से 'मिशन आरंभ' के तहत बेहतरीन सेवाएं निभाने वाली 22 आंगनवाड़ी वर्करों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह गांव हरीगढ़ के आंगनवाड़ी सेंटर (सैदो पत्ती पार्क) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) श्री हरजिंदर सिंह बेदी (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और होनहार वर्करों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन आंगनवाड़ी वर्करों को दिया गया, जिन्होंने अपने केंद्रों में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम 'आधारशिला' के तहत खेल आधारित गतिविधियों को लगातार और प्रभावी ढंग से करवाया। इन वर्करों ने मिशन आरंभ के तहत चलाए जा रहे प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास कार्यक्रम में लगातार भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। समारोह को संबोधित करते हुए श्री हरजिंदर सिंह बेदी ने वर्करों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्ष उनके संपूर्ण विकास की मजबूत नींव रखते हैं। इसलिए आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेलों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी वर्करों को भविष्य में भी इसी लगन और उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रतिंदरपाल कौर धारीवाल ने 'मिशन आरंभ' और 'नन्हे कदम' कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी पहलें वर्करों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के विकास को भी और मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता और इस समारोह में योगदान के लिए 'रॉकेट लर्निंग' टीम का विशेष धन्यवाद किया, जिसके सहयोग से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक सीखने के माहौल को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपस्थित अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि 22 आंगनवाड़ी वर्करों को मिला यह सम्मान जिले की अन्य आंगनवाड़ी वर्करों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस सम्मान समारोह में सीडीपीओ श्री अरविंदर सिंह, सीडीपीओ श्री हरबंस सिंह, जिला कोऑर्डिनेटर (पोषण अभियान) भूपिंदर कौर, सुपरवाइजर राजिंदर कौर, बबली कौर, बलजीत कौर, अनीता गोयल और मिशन आरंभ के प्रोग्राम मैनेजर मनप्रीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

108.31 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान के साथ 12 लोग गिरफ्तार

गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 108.31 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना छावनी, थाना सदर फिरोजपुर, थाना ममदोट, थाना मल्लांवाला, थाना तलवंडी भाई, थाना कुलगड़ी और थाना घल्लखुर्द में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना छावनी के एस.आई सुखबीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बगा सिंह पुत्र सुबा सिंह वासी गांव सोढे वाला व रमेश कुमार पुत्र बख्शीश वासी गांव चुगते वाला हाल वासी देव नगर दुलचीके रोड फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 83.96 ग्राम हेरोइन, 1 एक्टीवा नंबर पीबी-05एक्यू-8206, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सेवर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान गुलराल सिंह पुत्र बुटा सिंह वासी गामेवाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एएसआई सुखजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान जसप्रीत उर्फ जस्सा पुत्र हरबंस सिंह वासी तूर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, 1 सिल्वर पन्नी, थाना कुलगड़ी के एएसआई बलजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान विक्रम कुमार पुत्र अशोक कुमार वासी पटेल नगर फरीदकोट रोड को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर, 1 नोट 10 रुपए, थाना घल्लखुर्द के एएसआई हरजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान वंश पुत्र सारज, बब्बलू उर्फ बब्बू पुत्र सुखा सिंह वासी सोढी नगर, रोशन उर्फ केरला पुत्र रेशम सिंह वासी वार्ड नंबर 6 कब्बर वच्छा रोड मुदकी व सुखचैन सिंह उर्फ महावीर पुत्र बचित्र सिंह वासी वार्ड नंबर 1 लुहाम रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10.45 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुदेश कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से सुखमंदर सिंह उर्फ मंदर पुत्र बलदेव सिंह वासी वार्ड नंबर 8 नजदीक रतन की वर्कशाप तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.90 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बलविन्द्र सिंह पुत्र दलजीत सिंह वासी सुधारा व बलविन्द्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र बूड़ सिंह वासी कुतबदीन वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

ई-रिक्शाओं की अव्यवस्था पर गुरु रविदास टाइगर फोर्स ने उठाए सवाल, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): **गुरु रविदास** टाइगर फोर्स रजि. पंजाब, यूनिट गुरदासपुर के जिला अध्यक्ष राजेश लहौरिया राजू ने शहर में बढ़ती ई-रिक्शाओं की अव्यवस्थित आवाजाही, ट्रैफिक जाम और नियमों के उल्लंघन को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा शहरवासियों के लिए आवागमन का सुविधाजनक साधन बनकर सामने आए थे, लेकिन अब इनकी अनियंत्रित संख्या और नियमों की अनदेखी के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजेश लहौरिया ने कहा कि जब शहर में ई-रिक्शाओं की शुरुआत हुई थी तो आम लोगों ने इसका स्वागत किया था। छोटे-छोटे सफर के लिए लोगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिली, समय की बचत हुई और कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। लेकिन समय के साथ इनके उपयोग और संचालन को लेकर कई गंभीर समस्याएं सामने आने लगी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में बड़ी संख्या में ऐसे ई-रिक्शा चल रहे हैं, जिन पर नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से नहीं लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों की पहचान और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण और नंबर प्लेट बहुत जरूरी हैं। इसलिए प्रशासन को इस संबंध में सख्ती से जांच करनी चाहिए।

जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शहर के कई व्यस्त इलाकों में ई-रिक्शाओं के कारण ट्रैफिक की समस्या गंभीर होती जा रही है। उनके अनुसार सड़कों के किनारे और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अव्यवस्थित तरीके से ई-रिक्शा खड़े किए जाने के कारण यातायात प्रभावित होता है और कई बार लंबे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।



इससे स्कूलों, बाजारों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की ओर जाने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। राजेश लहौरिया ने आरोप लगाया कि कुछ ई-रिक्शा चालक सवारियों के आवागमन के बजाय विभिन्न प्रकार का सामान ढोने के लिए भी इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई मौकों पर ई-रिक्शाओं पर क्षमता से अधिक सामान लदा हुआ दिखाई देता है और कई बार लोहे की सरियों जैसा सामान भी ले जाया जाता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस प्रकार की ढुलाई निर्धारित नियमों के अनुसार है या नहीं, इसकी जांच करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कुछ ई-रिक्शा चालकों द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने के आरोप भी लगाए और पुलिस प्रशासन से इस संबंध में नियमित जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में वाहन चला रहा है तो यह न केवल उसकी अपनी जिंदगी के लिए, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरा बन सकता है। हालांकि, नशे से संबंधित उनके आरोपों की पुलिस या किसी अधिकृत एजेंसी द्वारा पुष्टि होना अभी बाकी है। राजेश लहौरिया ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि शहर में चल रहे ई-रिक्शाओं की विशेष जांच मुहिम चलाई जाए। बिना नंबर प्लेट या आवश्यक दस्तावेजों के चल रहे वाहनों की जांच की जाए, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की भी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य ई-रिक्शा चालकों के रोजगार को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जो ई-रिक्शा चालक नियमों के अनुसार वाहन चलाते हैं, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस और ट्रैफिक विभाग से मांग की कि शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शाओं के लिए उचित व्यवस्था की जाए, इन्हें खड़ा करने के लिए निर्धारित स्थान तय किए जाएं और यातायात को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी योजना लागू की जाए।

1 विदेशी पिस्टल 30 बोर समेत मैगजीन बिना रौंद सहित पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): **थाना** छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 पिस्टल विदेशी समेत मैगजीन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तारकिए व्यक्ति पर असलाह एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए छावनी फिरोजपुर के एस.आई सुखजिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि रविन्द्र सिंह उर्फ विंदू पुत्र बगीचा सिंह वासी गांव काकड़ गैर कानूनी असले एवं ऐमोनेशन की तस्करी करता है और उसके पास एक विदेशी पिस्टल है। दोषी उसकी डिल्वरी देने के लिए मिल्ट्री फार्म के नजदीक बनी ईमारत के पास खड़ा है, जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके रविन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 विदेशी पिस्टल 30 बोर समेत मैगजीन बिना रौंद बरामद की है। मामले की जांच कर रहे सुखजिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने रविन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 5 ग्राम हेरोइन के साथ 2 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शाम वाला रोड जीरा के नजदीक से मनप्रीत सिंह पुत्र नच्छतर सिंह वासी गांव शाह वाला जीरा को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर फकीर पुत्र काला वासी संजे गांधी नगर धक्का बस्ती मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे निर्मल सिंह व जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है

- गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

CMYK

page 5_Layout 1 26-09-2026 19:25 Page 1

सांसद मनीष तिवारी ने पीएचडीसीसीआई के 12वें इन्स-आउट एक्सपो का उद्घाटन किया

चंडीगढ़ की आर्किटेक्चलचर विरासत और टेक्नोलॉजी व इनोवेशन से प्रेरित भविष्य की संभावनाओं पर ज़ोर दिया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 12वें इन्स-आउट एक्सपो का उद्घाटन शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में सांसद मनीष तिवारी ने किया। 25 से 28 सितंबर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रदर्शनी में आर्किटेक्चर, कंस्ट्रक्शन, रियल एस्टेट, इंटीरियर डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास को प्रदर्शित किया जा रहा है। चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर उद्घाटन समारोह में भाग लेकर प्रदर्शनी का दौरा किया। उदघाटन सत्र में पीएचडीसीसीआई के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नवीन सेठ ने शुरुआती संबोधन दिया, जबकि चंडीगढ़ चैप्टर के चेयरमैन रजनीश बंसल ने स्वागत भाषण दिया और 12वें इन्स-आउट एक्सपो के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रमुख कंपनियों, आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनरों और इंडस्ट्री के पेशेवरों को एक मंच पर लाती है, जिससे इनोवेशन, सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मनीष तिवारी ने 'द सिटी ब्यूटीफुल' के रूप में चंडीगढ़ की वैश्विक पहचान को रेखांकित किया और इसे आधुनिक शहरी नियोजन और आर्किटेक्चर का एक बेहतरीन उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि मशहूर आर्किटेक्ट ली कॉर्बुजिए द्वारा डिज़ाइन किया गया चंडीगढ़, आज़ाद भारत की प्रगति, आधुनिकता और नियोजित विकास की सोच को दर्शाता है। तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़ अपने रचनाकारों द्वारा परिकल्पित सुंदरता और डिज़ाइन के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए आर्किटेक्चर के क्षेत्र में लगातार विकसित होता रहेगा। चौथी औद्योगिक क्रांति का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज क्रिएटिविटी तेज़ी से विकास, इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और डिज़ाइन के नए तरीकों से आकार ले रही है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच. एस. लक्की ने प्रदर्शनी आयोजित करने और हर साल नए विचार लाने के लिए पीएचडीसीसीआई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चैंबर लगातार नए और अनोखे कॉन्सेप्ट लेकर आता है और एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म देता है जहाँ कई कंपनियाँ एक ही जगह पर अपने प्रोडक्ट और सर्विस दिखा सकती हैं। उन्होंने सभी विजेताओं और हिस्सा लेने वालों को बधाई भी दी और कहा कि इस तरह की पहचान बेहतरीन योगदान का सम्मान करती है, अगली पीढ़ी को बढ़ावा देती है, विरासत को बचाने में मदद करती है और उत्कृष्टता के नए मानक बनाने में मदद करती है। क्रिडई पंजाब के अध्यक्ष जगजीत सिंह माझा ने भारत में इस तरह की और प्रदर्शनियां आयोजित करने की अहमियत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्लेटफ़ॉर्म इनोवेशन, नए विचारों और उभरती हुई टेक्नोलॉजी को दिखाने में मदद करते हैं। उद्घाटन सत्र का समापन पीएचडीसीसीआई के चंडीगढ़ चैप्टर के को-चेयर सुव्रत खन्ना के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

जिले में खाद विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं की औचक जांच

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : जिले में पिछले कुछ समय से खादों की उपलब्धता को लेकर किसानों को पेश आ रही मुश्किलों के मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर, अमृतसर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मुख्य कृषि अधिकारी अमृतसर स. अमरजीत सिंह दोसांझ के नेतृत्व में जिले में खाद विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा जिले में विभिन्न खाद विक्रेताओं की औचक जांच की गई। इस अवसर पर उन्होंने सभी खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर लगाए गए स्टॉक बोर्डों पर प्रतिदिन खादों के स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से दर्ज करें। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि डीलरों द्वारा किसानों को बेची जाने वाली प्रत्येक कृषि सामग्री का पक्का बिल जारी किया जाए तथा किसानों को केवल उनकी आवश्यकता के अनुसार ही कृषि सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। किसानों को खाद के साथ अन्य गैर-जरूरी वस्तुएं खरीदने के लिए मजबूर करना या उनकी टैगिंग करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स. दोसांझ ने खाद विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए कि पी.ओ.एस. (POS) मशीनों में दर्ज खादों के स्टॉक को नियमित रूप से अपडेट किया जाए और पी.ओ.एस. मशीनों तथा भौतिक स्टॉक में पूरा तालमेल सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार यूरिया और अन्य खादों की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य कृषि अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान यदि कोई दुकानदार खादों, बीजों या कृषि दवाइयों की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा बिना बिल के बिक्री करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध संबंधित अधिनियमों और कंट्रोल ऑर्डर के अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला अमृतसर के सभी ब्लॉक कृषि अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में किसानों के लिए खादों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को खादें सरकार द्वारा निर्धारित नियंत्रित दरों पर बिना किसी टैगिंग के उपलब्ध करवाई जाएं। मुख्य कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे खाद, कृषि दवाइयां और बीज खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता बिल देने से इनकार करता है या खादों के साथ अन्य वस्तुओं की टैगिंग करता है।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने गांव तलवंडी डोगरां से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डेली आवाज भारती

- **तीर्थ यात्रा शुरू करके मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब के श्रवण पुत्र का फर्ज निभाया हरभजन सिंह ई.टी.ओ.**

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव तलवंडी डोगरां से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु खालसा की जन्मभूमि श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और माता श्री नैना देवी मंदिर के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना राज्य के लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने तीर्थ यात्रा योजना शुरू करके पंजाब के श्रवण पुत्र का फर्ज निभाया है। इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों और अन्य श्रद्धालुओं को अपने धार्मिक स्थलों के दर्शन करने की सुविधा मिल रही है तथा लोग इस नेक पहल के लिए पंजाब सरकार को आशीर्वाद दे रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालु मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। इसके लिए मेडिकल टीमों की व्यवस्था भी की जाती है, ताकि किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने, खाने-पीने और अन्य आवश्यक सुविधाओं का पूरा प्रबंध किया जाता है, ताकि संगत बिना किसी परेशानी के अपने पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सके। इस अवसर पर गांव तलवंडी डोगरां की संगत ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से उन्हें पवित्र गुरुधामों और धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यात्रा के लिए किए गए प्रबंधों से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिल रही है।

12वें संस्करण में पिछले साल के 90 के मुकाबले इस बार 110 स्टॉल

आठ कंपनियां पहली बार प्रदर्शनी में ले रही हिस्सा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़: पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की इन्स-आउट प्रदर्शनी पिछले कई वर्षों से लगातार विस्तार कर रही है और कंपनियों के लिए चंडीगढ़ में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और लॉन्च करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गई है। उक्त विचार सुव्रत खन्ना, को-चेयरमैन, चंडीगढ़ चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने आज यहां व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के 12वें संस्करण में इस बार 110 स्टॉल लगाए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष 90 स्टॉल थे। यह प्रदर्शनी में कंपनियों की बढ़ती भागीदारी और रुचि को दर्शाता है। सुव्रत खन्ना ने कहा कि चैंबर अब तक प्रदर्शनी के 11 संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित कर चुका है और वर्तमान आयोजन इसका 12वां संस्करण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्करण के साथ प्रदर्शनी का विस्तार हुआ है और इसमें भाग लेने वाली कंपनियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

खन्ना ने कहा कि इन्स-आउट प्रदर्शनी कंपनियों के लिए अपने उत्पादों, सेवाओं और नए प्रयोगों को चंडीगढ़ में प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है। यह आयोजन कारोबारियों को ग्राहकों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स और अन्य संबंधित पक्षों के साथ सीधे संवाद का अवसर भी प्रदान करता है। इस वर्ष कई कंपनियां पहली बार इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही हैं। इनमें सकरनी, प्रोमार्क, एजीआई, डिजाइन स्टूडियो, शामिल हैं। इनमें एवेराइट भारत की पुरानी कंपनियों में से एक है, जो डोर क्लोजर बनाने के लिए जानी जाती है। इन कंपनियों की भागीदारी से प्रदर्शनी में नए ब्रांड और उत्पाद भी देखने को मिल रहे हैं। खन्ना ने कहा कि पिछले वर्ष 90 स्टॉल से बढ़कर इस वर्ष 110 स्टॉल होना इन्स-आउट प्लेटफॉर्म के बढ़ते दायरे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी चंडीगढ़ में कंपनियों के लिए एक लॉन्चिंग पैड के रूप में भी विकसित हुई है, जहां वे नए उत्पाद पेश करने के साथ-साथ व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंच बना सकती हैं। प्रदर्शनी में निर्माण, इंटीरियर, आर्किटेक्चर, रियल एस्टेट और इससे जुड़े क्षेत्रों की कंपनियां और पेशेवर हिस्सा ले रहे हैं।



पंजाब में कोई सुरक्षित नहीं, पुलिसकर्मी भी असुरक्षित महसूस कर रहेः सुनील जाखड़

चंडीगढ़। पंजाब में कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान की सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां तक कि रक्षक भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब में कोई भी सुरक्षित नहीं है। आम लोगों की तो बात ही छोड़िए, खुद पुलिस वाले भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस मुख्यालय और सरकार की ओर से जारी एक एडवाइजरी में पुलिस अधिकारियों को अकेले पुलिस स्टेशन से निकलने, यात्रा के दौरान वर्दी न पहनने, साथ में जवान रखने, हथियार लेकर चलने और दोपहिया वाहनों से यात्रा करने से बचने जैसी बातें कही गई हैं। अगर कानून-व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मी ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

देव समाज मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर में आयोजित कब-बुलबुल कैंप संपन्न

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): देव समाज मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिला फिरोजपुर में चल रहे तीसरे चरण के कब-बुलबुल कैंप का अंतिम दिन यादगार हो संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए कैंप के प्रबंधकीय इंचार्ज सेंटर प्रमुख श्रीमती पूजा सचदेवा ने बताया कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के वार्षिक कार्यक्रम के तहत सेंटर देव समाज मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 150 बच्चों ने तीन दिवसीय कब-बुलबुल तृतीय चरण कैंप में भाग लिया। जिन्हें डी.टी.सी फिरोजपुर जसविंदर पाल सिंह और डी.ओ.सी फिरोजपुर इंचार्ज चरणजीत सिंह कब मास्टर द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्काउटिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। जिसमें बिना आग के खाना बनाने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान डी.टी.सी जसविंदर पाल सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अनुशासन की भावना पैदा करने के साथ-साथ समाज की कुरीतियों, पर्यावरण की संभाल और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचानना है। कैंप के अंतिम दिन बच्चों को पर्यावरण की संभाल संबंधी प्रतिबद्ध किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को बताया गया कि अपने आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, फसलों पर कीटनाशकों का कम से कम प्रयोग किया जाए और पर्यावरण की संभाल के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए।



देव समाज मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर में आयोजित कब-बुलबुल कैंप में हिस्सा लेते हुए छात्र।

इस अवसर पर देव समाज मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैनेजर डा. श्रीमती सुनीता रंगबुल्ला विशेष रूप से बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुईं। उन्होंने कब-बुलबुल की गतिविधियों में रुचि दिखाई और उन्होंने बच्चों को पर्यावरण की संभाल के प्रति जागरूक किया। इस कैंप में स्कूल के प्राईमरी वर्ग के अध्यापकों श्रीमती पूजा सेतिया, श्रीमती सानिया, श्रीमती पूजा बिंद्रा, श्रीमती प्रीति और श्रीमती राजविन्द्र कौर ने इस कैंप को यादगार बनाने में सहयोग दिया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अमृतसर पहुंचे, गुरुओं और संतों की पवित्र धरती को किया नमन

डेली आवाज भारती



अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज अमृतसर पहुंचे, जहां उन्होंने BJP नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पंजाब के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि यह पवित्र धरती गुरुओं, संतों और महापुरुषों की धरती है। उन्होंने इस पवित्र धरती को सिर झुकाकर नमन किया। लोकल नेता रिंकू वाल्मीकि के ऑर्गनाइज़ किए गए इवेंट की तारीफ़ करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोग लगातार भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों से जुड़ रहे हैं। ष्टरू सैनी ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा पंजाब के पॉलिटिकल हालात पर बात करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने झूठे वादे करके और लोगों को गुमराह करके वोट हासिल किए, जबकि सत्ता में आने के बाद, आम आदमी पार्टी ने भी अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व में सिर्फ़ खोखले दावे किए।

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने युवाओं को रोज़गार देने के बजाय उन्हें ड्रग्स की ओर धकेल दिया। सैनी ने कहा कि पंजाब के लोग इन वादों से तंग आ चुके हैं। चुनावी वादों और राज्य में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बोलते हुए, ष्टरू सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले तीन से छह महीने में नशा खत्म करने का दावा किया था, लेकिन ज़मीनी हालात कुछ और ही तस्वीर पेश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंजाब में BJP की डबल इंजन सरकार बनती है, तो एक महीने के अंदर ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करों को या तो यह धंधा बंद करना होगा या फिर पंजाब छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा।

चुनाव सुधार के नाम पर वोट काटने का आरोप

आरएमपीआई और लिबरेशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू) – भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपीआई) और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत की जा रही मतदाता सूची सुधार प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। बैठक के दौरान नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने की भी निंदा की। लिबरेशन नेताओं ने कहा कि लोगों के मतदान के अधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने वालों को दबाने के बजाय उनकी मांगों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के संशोधन और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। इस मौके पर गुरमीत सिंह बख्तपुर, अश्वनी कुमार लखण कलां, गुलजार सिंह भुंबली, बलवीर सिंह उच्चा धकाला, विजय साथी, गुरदीप सिंह कामलपुर, प्रेम मसीह सोना, जोगिंदर पाल लेहल, बचन बोपाराए, राजू बटाला और दलवीर भोला उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता गुलजार सिंह ने की।

क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब जिला फिरोजपुर की बैठक आयोजित

3 अक्तूबर को साझा पंजाब मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होने का फैसला

डेली आवाज भारती



क्रांतिकरी किसान यूनियन के नेता बैठक के दौरान जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब की जिला कमेटी फिरोजपुर की बैठक जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह सुरसिंह वाला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवतार सिंह महिमा और राज्य सचिव दलविंदर सिंह शेरखां भी शामिल हुए।

बैठक के दौरान किसानों और आम लोगों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आने वाले कार्यक्रमों के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में फैसला किया गया कि 3 अक्तूबर को साझा पंजाब मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया जाएगा। नेताओं ने कहा कि पंजाब के लोगों से संबंधित साझें मुद्दों को लेकर संगठनात्मक एकता और लोगों की आवाज को मजबूत करने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान हाल ही में आत्महत्या करने वाले गुरजंट सिंह के मामले पर भी विचार किया गया। संगठन द्वारा फैसला किया गया कि इस मामले को लेकर एसएसपी फिरोजपुर के साथ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा और मामले का चालान जल्द से जल्द अदालत में पेश करवाने की मांग की जाएगी। नेताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानूनी कार्रवाई को समय पर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसके अलावा बैठक में चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अनियमितताओं की जांच करवाने, ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करने और एसआरआई की प्रक्रिया रद्द करने की मांग की गई। इस अवसर पर रणजीत सिंह झोक, प्रताप सिंह लखमीपुरा, जगजीत सिंह कादाबोड़ा, गुरजज्ज सिंह सांदे हाशम, गुरदीप सिंह बस्ती गामेवाली, बलवंत सिंह मल्लवाला, विक्रम बारके, गुरभेज लोहड़ा नवाब, गुरसेवक सिंह जल्लेखां आदि सहित बड़ी संख्या में नेता उपस्थित थे।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 26-09-2026 20:34 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

शिल्पा शेट्टी ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें

पर्यावरण की अहमियत पर कही बड़ी बात



विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के मौके पर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सभी से प्रकृति की खूबसूरती को महसूस करने की अपील की। फिटनेस क्विन का कहना है कि सेहत और पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर विदेशी लोकेशन से अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। अभिनेत्री ने लिखा, चारों तरफ देखो। इतनी सारी खूबसूरती है जिसे हम बस चलते-चलते नजरअंदाज कर देते हैं। बदलता आसमान, खिले हुए फूल, पानी की आवाज, पेड़ की छांव, एक खूबसूरत सनसेट जो आपको एक पल के लिए रोक देता है, ये छोटे-छोटे पल बिना कुछ मांगे हमें अच्छा महसूस करा देते हैं। उन्होंने आगे लिखा- विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर एक छोटी सी याद दिलाना चाहती हूं कि रुकिए, अपने आसपास की दुनिया को देखिए और उसकी कद्र कीजिए। हमारी सेहत और खुशहाली पर्यावरण से जुड़ी हुई है और हमें दोनों की हिफाजत करनी चाहिए। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर साल 26 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2011 में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हेल्थ द्वारा की गई थी। मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच के गहरे संबंध के बारे में दुनियाभर में जागरूकता फैलाना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी और प्रदूषणमुक्त माहौल के बिना स्वस्थ जीवन संभव नहीं है। शिल्पा की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार सोनल जोशी निर्देशित फिल्म 'सुखी' में देखा गया था। इसमें शिल्पा के साथ अमित साध, डेलनाज ईरानी, कुशा कपिला और पवलीन गुजराल लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी 38 साल की एक पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत कालरा उर्फ 'सुखी' (शिल्पा शेट्टी) के इर्द-गिर्द घूमती है। सुखी अपने पति, बेटी और बीमार ससुर की देखभाल में इतनी व्यस्त हो जाती है कि वह अपनी पहचान और ख्वाहिशों को भूल जाती है। अपनी जवानी के दिनों में वह एक बिंदास और बेबाक लड़की हुआ करती थी। अचानक उसे अपने स्कूल के रीयूनियन (मिलन) में दिल्ली जाने का मौका मिलता है। परिवार के विरोध के बावजूद वह 7 दिनों के लिए दिल्ली जाती है, जहां उसके जीवन का नजरिया बदल जाता है और वह एक जिम्मेदार पत्नी-मां से दोबारा खुद को एक स्वतंत्र महिला के रूप में पाती है।

यादों में देव आनंद

हिंदी सिनेमा के 'गाइड', एक्टिंग की 'बाजी' से 'जॉनी मेरा नाम' हुए अमर



हिंदी सिनेमा में कुछ सितारे ऐसे रहे हैं, जिनकी पहचान सिर्फ फिल्मों से नहीं, बल्कि उनके खास अंदाज से बनी। देव आनंद भी ऐसे ही कलाकार थे। उनकी चाल, बोलने का तरीका, कपड़े पहनने का स्टाइल और चेहरे की मुस्कान लंबे समय तक दर्शकों के बीच चर्चा में रही। उन्होंने करीब छह दशक तक फिल्मों में काम किया और एक्टर के साथ-साथ प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और राइटर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। उम्र बढ़ने के बाद भी उनके फैंस का प्यार कभी कम नहीं हुआ था। उन्होंने 2011 में अपने 88वें बर्थडे पर बताया था कि उनके ऑफिस के बाहर फैंस विश करने के लिए इंतजार कर रहे थे। देव आनंद का जन्म 26 सितंबर 1923 को हुआ था। उस समय उनका नाम धरमदेव पिशोरीमल आनंद था। उन्होंने लाहौर से इंग्लिश लिटलेचर की पढ़ाई की। पढ़ाई के बाद वह 1943 में मुंबई पहुंचे। उनके पास ज्यादा पैसे नहीं थे और फिल्मी दुनिया में कोई बड़ा सहारा भी नहीं था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि मुंबई आने के बाद करीब दो साल संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरुआत में नौकरी भी की, लेकिन उनका सपना फिल्मों में काम करना था। देव आनंद को 1946 में फिल्म 'हम एक है' में काम करने का मौका मिला। इसके बाद उन्हें 1948 में आई फिल्म 'जिद्दी' ने पहचान दिलाई। वह धीरे-धीरे हिंदी सिनेमा के बड़े स्टार्स में शामिल हो गए। उन्होंने अपने भाई चेतन आनंद के साथ मिलकर नवकेतन फिल्म्स की शुरुआत की। इस बैनर के तहत उन्होंने कई यादगार फिल्में बनाई और नए कलाकारों को भी मौके दिए। 1950 और 60 का दशक देव आनंद के करियर का खास दौर रहा। इस दौरान उनकी बाजी, जाल, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, काला बाजार, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी फिल्में रिलीज हुई। विजय आनंद के साथ उनकी जोड़ी ने गाइड, ज्वेल थीफ, काला बाजार और जॉनी मेरा नाम जैसी फिल्में दीं। उनके करियर की सबसे खास फिल्मों में गाइड को भी गिना जाता है। देव आनंद ने सिर्फ एक्टिंग नहीं की, बल्कि डायरेक्शन और प्रोडक्सन में भी हाथ आजमाया। प्रेम पुजारी, हरे राम हरे कृष्णा और कई दूसरी फिल्मों के जरिए उन्होंने नए विषय और नए कलाकारों को जगह दी। वह अपने आखिरी समय तक फिल्मों को लेकर सक्रिय रहे। 2011 में आई चार्जशीट उनकी आखिरी फिल्म थी। उन्होंने 88वें बर्थडे पर भी कहा था कि जब तक उनका शरीर और दिमाग साथ देगा, फिल्में बनाते रहेंगे। देव आनंद को कई बड़े अवॉर्ड्स मिले। उन्हें काला पानी और गाइड के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिले। उन्हें 1991 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी मिला। उन्हें भारत सरकार ने 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित किया और 2002 में दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड दिया गया। देव आनंद का निधन 3 दिसंबर 2011 को लंदन में 88 साल की उम्र में हुआ।

'लव एंड वॉर' से विक्की कौशल का लुक आया सामने, इंटेंस किरदार में नजर आए एक्टर



फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा फिल्म लव एंड वॉर से अभिनेता विक्की कौशल का फर्स्ट लुक सामने आया है, जिसमें उनका दमदार और इंटेंस अंदाज देखने को मिल रहा है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक शेयर किया, जिसमें विक्की कौशल का लुक इंटेंस, रेट्रो और स्वैग से भरपूर नजर आ रहा है। पोस्टर में विक्की गहरी नजरों से कैमरे को देख रहे हैं। उनके माथे और गाल के पास चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। उनकी आंखें गुस्से और पूरी इंटेंसिटी के साथ सीधे कैमरे की तरफ देख रही हैं। पोस्टर के साथ लिखा गया, नजरें मिलेंगी, लेकिन हटेंगी नहीं! संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को। अभिनेता विक्की कौशल के लुक को फैंस और इंडस्ट्री के साथी कलाकारों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। अभिनेता ऋतिक रोशन ने लिखा, क्या बात है। विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने लिखा, तुम पर नाज है, पुत्तर। रब दी मेहर बनी रहे, जोर दी झप्पी। सनी कौशल ने लिखा, अरे भाई, भाई। इसी के साथ ही अभिनेत्री सोनम कपूर समेत कई कलाकारों ने पोस्ट में कमेंट कर प्रतिक्रिया दी। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल स्टारर यह प्रोजेक्ट जनवरी 2027 में रिलीज से पहले पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। हालांकि, फिल्म लव एंड वॉर को पहले क्रिसमस 2025 पर रिलीज करने की घोषणा की गई थी लेकिन कुछ वजह से इसे टाल दिया गया था और मार्च 2026 में रिलीज करने की बात कही गई थी। अब मेकर्स ने 21 जनवरी 2027 को नई रिलीज डेट के तौर पर कंफर्म किया है। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी लव एंड वॉर को जंग की पृष्ठभूमि पर बनी एक रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर और विक्की एयरफोर्स ऑफिसर के किरदार में हैं, जिनकी जिंदगी आलिया के किरदार से जुड़ जाती है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक कहानी और किरदारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। लव एंड वॉर दुनियाभर में हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

भावना पांडे ने चंकी पांडे को दी जन्मदिन की बधाई

बोलीं- 'इन सभी शानदार वर्षों के लिए धन्यवाद'



एक्टर चंकी पांडे को जन्मदिन पर पत्नी भावना पांडे ने शनिवार को साथ बिताए गए %शानदार वर्षों% के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों के उनके अनदेखे पलों की कई तस्वीरें पोस्ट कीं और चंकी के साथ और भी कई वर्षों तक साथ रहने की कामना की। भावना ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा, ÷हैप्पी बर्थडे, चंक्स। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। इन सभी शानदार वर्षों के लिए आपका धन्यवाद। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियों ने कमेंट सेक्शन में एक्टर चंकी पांडे को जन्मदिन की बधाई दी। फिल्ममेकर फराह खान ने लिखा, ÷चंक्स हैप्पी बर्थडे। रिद्धिमा कपूर और महीप कपूर ने भी कमेंट सेक्शन में लाल दिल वाले इमोजी पोस्ट किए। चंकी की बड़ी बेटी, एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी अपने पिता को उनके जन्मदिन पर दिल से बधाई दी। अनन्या ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में अपने पिता की एक पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट की। उनके खास दिन पर बधाई देते हुए, अनन्या ने फोटो-शेयरिंग ऐप पर लिखा, हैप्पी बर्थडे हैंडसम। लव यू पापा। अनन्या की छोटी बहन और चंकी की छोटी बेटी, राइसा पांडे ने भी अपने पिता की एक पुरानी तस्वीर अपलोड की और साथ में लिखा, सबसे कूल डैड को जन्मदिन की बधाई। खबरों के मुताबिक, चंकी और भावना 1996 में एक कॉमन दोस्त के जरिए मिले थे और उसके कुछ समय बाद ही डेटिंग शुरू कर दी थी। कुछ समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद इस कपल ने 17 जनवरी 1998 को शादी कर ली। इस कपल की दो बेटियां अनन्या और राइसा हैं।

page 7_Layout 1 26-09-2026 16:53 Page 1

रामलीला, दुर्गा पूजा और छठ की तैयारियों के लिए दिल्ली सरकार ने बनाईं तीन समितियां, मंत्रियों-विधायकों को मिली जिम्मेदारी

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आने वाले आस्था के बड़े पर्वों रामलीला, दुर्गा पूजा और छठ पूजा को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीनों पर्वों के लिए तीन अलग-अलग विशेष समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों की कमान मंत्रियों, विधायकों और समाजसेवियों को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन समितियों का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था उपलब्ध कराना है। सरकार चाहती है कि दिल्ली में ये पर्व श्रद्धा, अपनत्व और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं और आयोजन समितियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। रामलीला समिति की कमान मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह कोरामलीला आयोजनों के लिए गठित समिति के अध्यक्ष समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, सहकारिता एवं निर्वाचन मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह बनाए गए हैं। इस समिति में विधायक अशोक गोयल, अनिल कुमार शर्मा, श्याम शर्मा, संजय गोयल और संदीप सहरावत सदस्य होंगे, जबकि सचिव, राजस्व-सह-मंडलायुक्त इसके सदस्य सचिव होंगे।

समिति की मुख्य जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम के तहत रामलीला के लिए जरूरी एनओसी जारी करवाना होगी। इसके अलावा रामलीला स्थलों पर पीने के पानी, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा, सुरक्षा, मोबाइल शौचालय, यातायात प्रबंधन, सफाई, फॉगिंग और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना भी इसी समिति का काम होगा।

समिति रामलीला के मंच से पर्यावरण संरक्षण, वोकल फॉर लोकल, स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वदेशी और नशा मुक्त भारत अभियान जैसे जनहित के संदेशों को भी बढ़ावा देगी।

दुर्गा पूजा की तैयारियों के लिए गठित समिति की अध्यक्षता कानून एवं न्याय, श्रम, रोजगार, विकास, कला-संस्कृति भाषा तथा पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा करेंगे। समिति में विधायक शिखा रॉय और नीरज बसोया के साथ सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भट्टाचार्य, देवदत्त भारद्वाज और अरुण मुखर्जी सदस्य के रूप में शामिल हैं।

यह समिति भी पूजा स्थलों पर सभी नागरिक सुविधाएं, सुरक्षा और एनओसी की व्यवस्था देखेगी। इसके अलावा, दुर्गा पूजा के लिए विशेष रूप से मूर्तियों के विसर्जन हेतु कृत्रिम और अस्थायी तालाबों की व्यवस्था करना और विसर्जन के बाद अवशेषों की सफाई सुनिश्चित करना भी इसकी जिम्मेदारी होगी।

छठ पूजा के लिए भी मंत्री कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में ही समिति बनाई गई है। इसमें विधायक अभय कुमार वर्मा, चंदन कुमार चौधरी, संदीप सहरावत, दीपक चौधरी और सामाजिक कार्यकर्ता संतोष ओझा सदस्य होंगे। सचिव, राजस्व-सह-मंडलायुक्त इसके सदस्य सचिव होंगे।

छठ समिति घाटों और आयोजन स्थलों पर पानी, चिकित्सा, एंबुलेंस, सुरक्षा, सफाई और बिजली जैसी सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी और सिंगल विंडो सिस्टम से एनओसी दिलाने में मदद करेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ÷रामलीला, दुर्गा पूजा और छठ पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दिल्ली की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को जोड़ने वाले आस्था के पर्व हैं। इनसे लाखों लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालु पूरी भक्ति के साथ अपने पर्व मना सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।÷

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी करना है ताकि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और सौहार्द का माहौल बना रहे।

श्रीलंका के सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख पार्टी जेवीपी का प्रतिनिधिमंडल 27 सितंबर से भारत दौरे पर

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। श्रीलंका के सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख पार्टी जनता विमुक्ति पेरमुना (जेवीपी) का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भारत के दौरे पर रहेगा। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के निमंत्रण पर प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहा है। इस पांच दिवसीय दौरे का नेतृत्व पार्टी महासचिव तिल्विन सिल्वा करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी की केंद्रीय समिति की सदस्य चंद्रिका अधिकारी, सांसद अबूबकर अथंबावा, जिला समिति के सदस्य काबिलन सुंथरमूर्ति और पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग की सदस्य कल्पना मधुभाषिणी शामिल हैं। भारत यात्रा के दौरान जेवीपी प्रतिनिधिमंडल की बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमंडल के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी मुलाकात करने की उम्मीद है। इन मुलाकातों के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों और आपसी हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। दौरे के कार्यक्रम में बीजेपी मुख्यालय में पार्टी के विभिन्न मोर्चों और विभागों के साथ संवाद भी शामिल है। इसके अलावा श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल भारतीय संसद और दिल्ली बीजेपी कार्यालय का भी दौरा करेगा। जेवीपी प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और श्रीलंका के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक संपर्क लगातार बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग, विकास परियोजनाओं, ऊर्जा, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर भी संवाद जारी है। भारत यात्रा के दौरान श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल को भारतीय राजनीतिक व्यवस्था और बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। जेवीपी का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पार्टी श्रीलंका की मौजूदा सरकार में प्रमुख राजनीतिक ताकत है। ऐसे में उसके वरिष्ठ नेताओं की भारत यात्रा दोनों देशों के राजनीतिक संपर्क के लिहाज से भी अहम मानी जा रही है।

राजस्थानी परिधानों और हस्तशिल्प पर जापानी पर्यटकों की नजर, पवेलियन में दिखा खास उत्साह

डेली आवाज भारती




जयपुर/ टोक्यो। रंगों की विविधता, बारीक कारीगरी और सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपराओं ने टोक्यो में राजस्थान की अलग पहचान बनाई। टूरिज्म एक्सपो जापान के तीसरे दिन राजस्थान पर्यटन के पवेलियन जी-38 पर जापानी पर्यटकों और पर्यटन कारोबार से जुड़े प्रतिनिधियों ने राजस्थानी पारंपरिक परिधानों, वस्त्रों और हस्तशिल्प को लेकर विशेष रुचि दिखाई। खास तौर पर बंधेज, लहरिया, सांगानेरी और बगरू की छपाई तथा जयपुर की ब्लू पॉटरी के बारे में जानकारी लेने के लिए आगंतुकों में उत्सुकता रही। पर्यटन सचिव शुचि त्यागी के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक अजय शर्मा ने पवेलियन की गतिविधियों की कमान संभाली। शर्मा ने जापानी पर्यटकों और पर्यटन कारोबारियों से संवाद करते हुए राजस्थान की पारंपरिक वस्त्र एवं शिल्प कलाओं की विशेषताओं से अवगत कराया। संयुक्त निदेशक अजय शर्मा ने बताया कि इस बार जापान में राजस्थान की प्रस्तुति में राज्य की हस्तशिल्प और वस्त्र परंपराओं के बारे में खासी रूचि दिखाई गई । राजस्थान के पारंपरिक परिधान केवल पहनावे का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि इनमें अलग-अलग क्षेत्रों की संस्कृति, रंग, डिजाइन और पीढ़ियों से चली आ रही कारीगरी की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि बंधेज और लहरिया के साथ बगरू और सांगानेर की हाथ से की जाने वाली छपाई जापानी आगंतुकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सांगानेरी हाथ की छपाई व बगरू अपनी पारंपरिक लकड़ी की छपाई और प्राकृतिक रंगों के प्रयोग के लिए जाना जाता है। इन शिल्पों की निर्माण प्रक्रिया को लेकर भी जापानी पर्यटकों ने सवाल पूछे और कारीगरों की पारंपरिक तकनीकों के बारे में जानकारी ली।

शर्मा ने कहा कि जयपुर की ब्लू पॉटरी भी पवेलियन पर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके विशिष्ट रंग, बारीक सजावटी डिजाइन और निर्माण तकनीक जापानी आगंतुकों के लिए कौतूहल का विषय रहे। अजय शर्मा ने बताया कि राजस्थान पर्यटन जापानी बाजार के सामने राज्य को ऐसे गंतव्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, जहां पर्यटक तैयार उत्पाद खरीदने के साथ-साथ शिल्प निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देख और समझ भी सकते हैं। कारीगरों से संवाद, पारंपरिक छपाई तकनीकों का अनुभव और स्थानीय वस्त्र परंपराओं से जुड़ाव को पर्यटन अनुभव का हिस्सा बनाने पर जोर दिया जा रहा है। टूरिज्म एक्सपो जापान के तीसरे दिन राजस्थान पवेलियन पर रही सक्रियता और आगंतुकों की लगातार जिज्ञासा ने राजस्थानी हस्तशिल्प एवं पारंपरिक परिधानों के प्रति जापानी बाजार की रुचि को सामने रखा।

नौकरशाही में गहरी जड़ें जमाता भ्रष्टाचार : 8 लाख की नकदी से 1 किलो सोने तक बीडीओ नारायण सुथार का बेनकाब होता सच

डेली आवाज भारती



बीकानेर/फलोदी। ग्रामीण विकास और आमजन के कल्याण की जिम्मेदारी जिस नौकरशाही के कंधों पर है, वही जब काली कमाई के दलदल में धंसने लगे तो पूरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। फलोदी जिले की लोहावट तहसील के विकास अधिकारी (BDO) नारायण सुथार के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की हालिया कार्रवाई ने एक बार फिर प्रशासनिक गलियारों में फैले 'घूसखोरी के तंत्र' को उजागर कर दिया है। कार में मिली 8.14 लाख रुपये की संदिग्ध नकदी से शुरू हुआ यह मामला बीकानेर स्थित घर से मिले 1 किलोग्राम सोने (अनुमानित बाजार कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये) और जयपुर में बेशकीमती भूखंडों के दस्तावेजों तक पहुंच चुका है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) आशीष कुमार के अनुसार, शुक्रवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि लोहावट BDO नारायण सुथार अपनी निजी कार में भारी मात्रा में रिश्वत व काली कमाई का कैश लेकर बीकानेर की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एसीबी टीम ने बीकानेर के भीनासर स्थित चेकिंग पॉइंट पर नाकाबंदी की। BDO की कार को रोककर जब तलाशी ली गई, तो बैग से 8 लाख 14 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान BDO ने इस राशि को 'मित्र के पैसे' बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन वे नकदी का कोई वैधानिक स्रोत या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके।

रातभर चली छापेमारी: 1 किलो सोना और जयपुर में प्लॉट के दस्तावेज बरामद नकदी की बरामदगी के बाद एसीबी ने BDO को डिटेन किया और बीकानेर के विश्वकर्मा क्षेत्र स्थित उनके आवासीय परिसर पर छापेमारी की। शाम 7:00 बजे से शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात 1:00 बजे तक चली।

तलाशी में बरामद संपत्ति :

1 किलोग्राम सोना- बीकानेर स्थित घर से करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया।

जयपुर में भूखंड- आरोपी व्यक्ति के पिता के नाम पर जयपुर में खरीदे गए 2 प्लॉटों के दस्तावेज मिले हैं, जिनकी बाजार दरों के हिसाब से कीमत का आकलन किया जा रहा है।

एसीबी की स्थानीय चौकी ने इस पूरी अचानक निरीक्षण कार्रवाई (Surprise Inspection) की विस्तृत रिपोर्ट जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय भेज दी है। फिलहाल आरोपी अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (Disproportionate Assets - DA) का मामला दर्ज करने की वैधानिक प्रक्रिया जारी है।

दिल्ली: दयालपुर में 3.5 लाख रुपए की डकैती के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने डकैती के एक सनसनीखेज मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को हरियाणा के आईएमटी मानेसर इलाके से पकड़ा गया है और उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई देसी पिस्तौल भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त 2026 को दयालपुर के सेरपुर चौक के पास डकैती की वारदात हुई थी। शिकायतकर्ता रवि सिंह जादौन और उनके कर्मचारी मोहित से 4-5 बदमाशों ने देसी पिस्तौल दिखाकर करीब 3.50 लाख रुपए और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। इस मामले में दयालपुर थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसमें एक बाल अपचारी (सीसीएल) और शिकायतकर्ता का एक कर्मचारी भी शामिल था। उनके पास से 15,000 रुपए बरामद किए गए थे लेकिन इस वारदात में मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करने वाले दो आरोपी फरार चल रहे थे।

फरार आरोपियों की तलाश के लिए नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की टीम ने खास खुफिया जानकारी जुटाई और लगातार तकनीकी निगरानी रखी। इसी कड़ी में 24 सितंबर को स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक विशेष ऑपरेशन चलाकर फरार आरोपी मन्नू उर्फ ऋषि (उम्र 24 साल) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मन्नू गामरी एक्सटेंशन, भजनपुरा, दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक देसी पिस्तौल बरामद की है।

हरिद्वार मैकेनिक हैप्पी हत्याकांड: पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शूटर को दबोचा, दूसरा मौके से फरार

डेली आवाज भारती



हरिद्वार। उत्तराखंड के मोटरसाइकिल मैकेनिक हैप्पी की हत्या के मामले में हरिद्वार पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगने के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया। एसएसपी नवनीत सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मैकेनिक हैप्पी की सरेआम हत्या के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच, शुक्रवार देर रात पुलिस को अपराधियों के बारे में सूचना मिली। देर रात बहादराबाद-दौलतपुर के बीच जंगल में पुलिस ने अपराधियों को घेर लिया। तभी आरोपियों की तरफ से पुलिस पर गोली चलाई गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक अपराधी के पैर में लगी। इसी बीच में दूसरा आरोपी वहां से फरार होने में कामयाब रहा। बाद में पुलिस ने घायल आरोपी को अपनी गिरफ्त में लिया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। आरोपी की पहचान सहारनपुर निवासी शूटर मुदस्सिर के रूप में हुई।

दहेज केस में फरार चल रहे आरोपी को द्वारका पुलिस ने किया गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका जिले की एंटी-जेल बेल एंड प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर सेल की टीम ने दहेज के एक मामले में ट्रायल से भाग रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र (33) निवासी रूप नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। उसे 4 अक्टूबर 2024 को कोर्ट की एमएस वैशाली सिंह, एलडी जेएमएफसी, साउथ-वेस्ट, द्वारका कोर्ट द्वारा एफआईआर कर थाना मोहन गार्डन के मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। द्वारका जिले के डीसीपी कुशल पाल सिंह, आईपीएस के निर्देश पर भगोड़े अपराधियों को पकड़ने पर हमेशा विशेष जोर दिया जाता है। इसी कड़ी में एसीपी ऑपरेशन्स द्वारका सुभाष मलिक की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर हरीश कुमार कर रहे थे, जिसमें पीओ एंड जेल बेल सेल द्वारका के हेड कांस्टेबल राहुल यादव और कांस्टेबल अशोक शामिल थे। टीम को भगोड़े अपराधियों और सक्रिय बदमाशों को पकड़ने का टास्क दिया गया था। 10 सितंबर 2026 को टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि जितेंद्र, जो दहेज के मामले में ट्रायल से बच रहा था और जिसे द्वारका कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम तुरंत रूप नगर पहुंची। टीम ने जाल बिछाया और मोहन गार्डन, दिल्ली में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहले किसी अन्य मामले में कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि न्याय व्यवस्था में सहयोग के लिए भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने किया विश्व वानिकी आर्बोरिटम का शैक्षिक भ्रमण

जानीं वन जैव विविधता की बारीकियां



डेली आवाज भारती

जयपुर। कानोड़िया पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से बी.एस.सी. पंचम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए झालाना स्थित %विश्व वानिकी आर्बोरिटम% में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक दल में 19 छात्राओं ने भाग लिया, जिनका नेतृत्व विभाग की प्राध्यापिकाएं डॉ. नीतू महावर और डॉ. दीपिका आर्या ने किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वन जैव विविधता, पारिस्थितिक संतुलन और वन प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराना था। आर्बोरिटम में छात्राओं ने देशी और विदेशी वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों को प्रत्यक्ष देखा, उनके वानस्पतिक वर्गीकरण की तकनीकों को समझा और पारिस्थितिकी तंत्र में उनके महत्व का गहन अध्ययन किया। किताबी ज्ञान से परे प्राकृतिक परिवेश में पौधों का यह जीवंत अवलोकन छात्राओं के अकादमिक और व्यावहारिक विकास के लिए बेहद ज्ञानवर्धक, रोचक और लाभकारी सिद्ध हुआ।

कैंसर से जंग लड़ रहे नन्हे योद्धाओं के चेहरे पर खिले मुस्कान के रंग

डेली आवाज भारती



जयपुर। बाल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल में शनिवार को 'द-हीरोज' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंसर केयर (वुमन विंग) एवं पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर से जूझ रहे बच्चों के बीच सकारात्मकता, उत्साह और खुशियां बांटना तथा उनके साहस को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से बच्चों का मनोरंजन किया और उनके साथ समय बिताकर उनका उत्साह बे ाया। उनकी उपस्थिति और संगीत ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा और खुशी का माहौल बनाया। उनकी प्रस्तुतियों ने ना सिर्फ बच्चों बल्कि उनके पेरेंटस बल्कि हॉस्पिटल स्टॉफ को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पीडियाट्रिक कैंसर से उपचाररत बच्चों के लिए मैजिक शो आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और उनके चेहरे पर खिली मुस्कान पूरे आयोजन का आकर्षण रही।

चिकित्सालय की वरिष्ठ उपाध्यक्षा एवं कैंसर केयर की अध्यक्षा अनिला कोठारी ने बताया कि चिकित्सालय की ओर से बाल कैंसर रोगियों के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संदेश दिया गया कि कैंसर से ले रहे बच्चे केवल मरीज नहीं, बल्कि साहस और उम्मीद की प्रेरणादायी मिसाल हैं।

चिकित्सालय के अधिषासी निदेशक मेजर जनरल एस सी पारीक ने बताया कि बाल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर शहर में विभिन्न षिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए है। इसके तहत कई स्टूडेंट्स की ओर से पोस्टर भी बनाए गए, जिनमें से चयनित पोस्टर को कार्यक्रम में प्रदर्षित भी किया गया है।

इस अवसर पर पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ ने कहा कि बाल कैंसर का समय पर पता लगना और उचित उपचार बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल में उपचार के साथ-साथ बच्चों और उनके परिवारों को भावनात्मक सहयोग और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। कार्यक्रम में चिकित्सालय परिवार के वरिष्ठ अधिकारियों, डॉक्टर्स सहित कई सदस्यों ने भाग लिया।

कर्नाटक में एनडीए की बैठक:

भाजपा-जेडी(एस) विधान परिषद की चार सीटों पर मिलकर लड़ेंगे चुनाव



डेली आवाज भारती

बेंगलुरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) ने राज्य विधान परिषद की चार सीटों पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में लिया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेंद्र, केंद्रीय मंत्री एवं जेडी(एस) प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, जेडी(एस) विधायक दल के नेता सुरेश बाबू, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी और जेडी(एस) विधान परिषद दल के नेता एस.एल. भोजेगौड़ा मौजूद रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि आगामी विधान परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा और जेडी(एस) नेताओं की विशेष बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि दोनों दलों ने एक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, दो स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों सहित कुल चार सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों दल सभी चार सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे।

CMYK

page 8_Layout 1 26-09-2026 21:16 Page 1

गुलाब सिद्धू फायरिंग कांड की जांच में नया मोड़

शगनप्रीत के पिता सौदागर सिंह पुलिस के शिकंजे में

डेली आवाज भारती



हाईकोर्ट के जांच आदेश के बाद कार्रवाई

खन्ना (लुधियाना)/रवीश कपूर : पंजाबी गायक गुलाब सिद्धू के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में बरनाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत सिंह के पिता सौदागर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें खन्ना में अदालत में पेशी के लिए पहुंचने के दौरान हिरासत में लिया और बाद में अपने साथ बरनाला ले गई। मामले में उनसे फायरिंग की घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार सौदागर सिंह वीरवार को खन्ना के प्रेम वैष्णो ढाबे पर अदालत में पेशी के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान बरनाला पुलिस की टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। खन्ना सिटी थाना पुलिस को इसकी सूचना देने के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई और बरनाला पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ का संबंध 12 सितंबर की रात गुलाब सिद्धू के घर के बाहर हुई फायरिंग से है। हालांकि, इस मामले में सौदागर सिंह की कथित भूमिका क्या रही है, इसका स्पष्ट खुलासा पुलिस जांच और पूछताछ पूरी होने के बाद ही सामने आएगा। सौदागर सिंह, सिद्धू मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत सिंह के पिता हैं। इससे पहले भी शगनप्रीत के माता-पिता के नाम खन्ना में फायरिंग तथा कथित रंगदारी से जुड़े मामलों की जांच में सामने आ चुके हैं। मई 2026 में खन्ना पुलिस ने सौदागर सिंह और उनकी पत्नी दलजीत कौर को एक ढाबे पर हुई फायरिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उस समय दोनों पर साजिश और आरोपितों की कथित मदद से संबंधित आरोप लगाए थे।

मामले से जुड़े घटनाक्रम में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खन्ना से जुड़े कुछ मामलों की जांच को लेकर अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्तर पर जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद सौदागर सिंह की गिरफ्तारी सामने आई है। पुलिस जांच जारी है और सौदागर सिंह की भूमिका सहित फायरिंग की पूरी कड़ी को लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगी।

लूटपाट पर लुधियाना पुलिस का बड़ा एक्शन

तीन आरोपी दबोचे, 23 मोबाइल बरामद

दरेसी पुलिस की कार्रवाई में एक्टिवा भी बरामद; आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज कई मामलों का भी खुलासा

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर : लूटपाट और छीनाझपटी की वारदातों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक एक्टिवा और विभिन्न कंपनियों के 23 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर रूपिंदर सिंह, पीपीएस, ज्वाइंट कमिश्नर पुलिस (शहरी) आलम विजय सिंह, पीपीएस, एडीसीपी जोन-1 समीर वर्मा, पीपीएस तथा एसीपी सब-डिवीजन उत्तरी किक्कर सिंह, पीपीएस की निगरानी में की गई।

कार्रवाई थाना दरेसी के मुख्य अधिकारी जसविंदर सिंह और पुलिस पार्टी ने की। 24 सितंबर को दर्ज हुआ मुकदमा पुलिस के अनुसार थाना दरेसी में मुकदमा नंबर 176, दिनांक 24.09.2026 दर्ज किया गया। इसमें धारा 303(2), 304, 317(2), 3(5) बीएनएस तथा धारा 27/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ मनी पुत्र रजिंदर सिंह, निवासी न्यू बसंत विहार, नूरवाला रोड; मनीष कुमार उर्फ सोनू पुत्र देविंदर कुमार, निवासी न्यू शिवपुरी; तथा रोहित लुथरा उर्फ मोटा पुत्र सुरिंदर कुमार, निवासी प्रीत विहार, हैबोवाल कलां, लुधियाना के रूप में हुई है। मनप्रीत सिंह और मनीष कुमार को 24 सितंबर, जबकि रोहित लुथरा को 25 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मनप्रीत सिंह के खिलाफ होशियारपुर में वर्ष 2015 और 2022 के दो मामले दर्ज हैं। मनीष कुमार के खिलाफ थाना डिवीजन नंबर 3, लुधियाना में वर्ष 2016 व 2021 के तीन मामले तथा थाना दरेसी में वर्ष 2020 की डीडीआर दर्ज होने का उल्लेख है। रोहित लुथरा के खिलाफ उपलब्ध रिकॉर्ड में कोई पूर्व मामला दर्ज नहीं बताया गया है। बरामदगी- 1 एक्टिवा और 23 मोबाइल फोन। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

चंडीगढ़ में पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट 2026 का समापन; उत्तर-पश्चिम क्षेत्र ने जीता टीम खिताब, पूर्वी क्षेत्र-I के रंजीत कुमार और दिग्विजय सिंह ने पेयर्स ट्रॉफी पर किया कब्जा









डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में 24 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय ब्रिज टूर्नामेंट 2026 का आज रोमांचक फाइनल दौर के मैचों और एक भव्य समापन समारोह के साथ समापन हो गया। पेयर्स स्पर्धा में पूर्वी क्षेत्र-I के रंजीत कुमार और दिग्विजय सिंह की जोड़ी ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के सुधीर और देवी लाल की जोड़ी प्रथम उपविजेता (फर्स्ट रनर-अप) रही, जबकि पूर्वी क्षेत्र-II के अभिराम सिंह और पल्लव नंदी ने दूसरा उपविजेता (सेकंड रनर-अप) स्थान हासिल किया। इससे पहले दिन में, टीम चैंपियनशिप में एक कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र ने पूर्वी क्षेत्र-I को 18–16 के स्कोर से हराकर जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में पूर्वी क्षेत्र-II ने पश्चिमी क्षेत्र-I को 9-7 से हराया। टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण और समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र-II के कार्यपालक निदेशक श्री तरुण बजाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री आशुतोष के. शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी और पंजाब ब्रिज एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। श्री तरुण बजाज और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं, प्रतिभागियों और मैच अधिकारियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए, श्री तरुण बजाज ने विजेताओं को बधाई दी और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुकरणीय खेल भावना और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन करने के लिए सभी खिलाड़ियों की सराहना की। दैनिक जीवन में खेल के महत्त्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कर्मचारियों के बीच शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने के पावरग्रिड के प्रयासों को रेखांकित किया।

दिलरोज हत्याकांड में नीलम की फांसी का फैसला उम्रकैद में तब्दील, सेशन कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

- दिलरोज को जिंदा दफन करने के मामले ने पूरे पंजाब को झकझोर दिया था
- सेशन कोर्ट ने 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' मामला मानकर फांसी की सजा सुनाई थी

लुधियाना के बहुचर्चित इस हत्याकांड में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है

डेली आवाज भारती



बच्ची की तलाश का किया नाटक, सीसीटीवी से खुला राज

वारदात के बाद नीलम ने परिवार के साथ बच्ची की तलाश का नाटक भी किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें वह दिलरोज को एक्टिवा पर ले जाती दिखाई दी। इसके बाद पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां अपराध कबूल कर लिया। मामले में हत्या, अपहरण और साक्ष्य मिटाने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद नीलम को कम से कम 30 साल जेल में बिताने होंगे।

लुधियाना। लुधियाना के बहुचर्चित दिलरोज हत्याकांड में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी नीलम (38) को सेशन कोर्ट द्वारा दी फांसी को उम्रकैद में बदल दिया है। वर्ष 2021 में ढाई साल की मासूम दिलरोज कौर को जिंदा दफन करने के मामले ने पूरे पंजाब को झकझोर दिया था। सेशन कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' मामला मानते हुए नीलम को फांसी सुनाई थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने अब सजा में संशोधन करते हुए आदेश दिया है कि नीलम को कम से कम 30 वर्ष तक जेल में रहना होगा और इस दौरान उसे किसी प्रकार की कानूनी राहत नहीं मिलेगी। शिमलापुरी निवासी पंजाब पुलिस के हेड कांस्टेबल हरप्रीत सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। पड़ोस में रहने वाली नीलम के बच्चों और दिलरोज के बीच अक्सर तुलना होती थी। बताया गया कि हरप्रीत अपनी बेटी के लिए खिलौने, कपड़े और अन्य सामान लाते थे, जबकि आर्थिक तंगी के कारण नीलम अपने बच्चों की सभी मांगें पूरी नहीं कर पाती थी। इसी बात को लेकर उसके मन में पड़ोसी परिवार के प्रति रंजिश पैदा हो गई थी। 28 नवंबर 2021 को दिलरोज घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि नीलम उसे एक्टिवा पर बैठाकर एल्डिको के पास एक सुनसान प्लॉट में ले गई। जांच में सामने आया कि वहां पहले से गड्ढा खोदा गया था। नीलम ने बच्ची के मुंह में मिट्टी भरकर उसे गड्ढे में डाल दिया और ऊपर से मिट्टी डाल दी। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

अजनाला में पुलिस-आरोपी के बीच मुठभेड़

हिरासत से फरार करनबीर सिंह करण की मौत

- कुछ दिन पहले पुलिस हिरासत से फरार हो गया था करनबीर
- सूचना मिली थी, बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में

डेली आवाज भारती



कुछ दिन पहले पुलिस हिरासत से फरार हो गया था

करनबीर पर 11 सितंबर को अजनाला-अमृतसर मेन रोड पर भल्ला गांव के पास एएसआई जसवंत सिंह के घर पर फायरिंग करने का आरोप था। इस मामले में पुलिस ने करनबीर को गिरफ्तार किया था, लेकिन कुछ दिन पहले वह पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। पुलिस की ओर से मुठभेड़ और आरोपी की मौत को लेकर आगे की जांच की जा रही है।

अमृतसर/नेहा गिल। अजनाला में पुलिस और एक आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ में करनबीर सिंह उर्फ करण की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, करनबीर कुछ दिन पहले पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई की। गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, इस दौरान करनबीर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में करनबीर भी गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही बॉर्डर रेंज के डीआईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर और एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चहल मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

135 ग्राम हेरोइन समेत कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर। कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने नशा मुक्त लुधियाना अभियान के तहत शिमलापुरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 135 ग्राम हेरोइन समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक्टिवा नंबर ~~पीबी~~ 10-छ्ब्ब्-6258 भी बरामद की गई। पुलिस कमिश्नर श्री स्वप्न शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों में श्री करणवीर सिंह सिद्धू, पीपीएस, डिप्टी कमिश्नर पुलिस, जोन-2 तथा श्री अनुभव जैन, आईपीएस, सहायक कमिश्नर पुलिस, डिवीजन-बी की निगरानी में यह कार्रवाई हुई। मुख्य अधिकारी थाना शिमलापुरी के नेतृत्व में चौकी बसंत पार्क इंचार्ज एएसआई अवतार सिंह, नंबर 2856/लुधियाना ने कार्रवाई करते हुए लखविंदर सिंह उर्फ जग्गा पुत्र स्वर्गीय राजिंदर सिंह, निवासी गली नंबर 09, मोहल्ला आजाद नगर, डाबा रोड, लुधियाना को काबू किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना शिमलापुरी में मुकदमा नंबर 187, दिनांक 25.09.2026, धारा 281, 125(ए) एवं 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले भी 2015, 2017 और 2026 में कुल चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें एसएएस नगर, पटियाला तथा थाना जमालपुर, लुधियाना में आईपीसी और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के मामले शामिल हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नशे की सप्लाई से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 6.0 के तहत सीबीसी, पीआईबी चंडीगढ़ एवं माई भारत ने युवाओं के साथ दिया जनभागीदारी का संदेश





डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा 6.0' अभियान के तहत स्वच्छता के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ ने माई भारत, चंडीगढ़ के समन्वय से श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सेक्टर-44, चंडीगढ़ में विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता अभियान ष्टद्यद्दड्डठ्ठद्यद्बठ्ठद्दह्यह्य ष्ठद्दद्ध1द्द, स्वच्छता शपथ एवं जागरूकता रैली का स्कूल के नजदीक पब्लिक ग्राउंड मे आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना तथा भारत सरकार की स्वच्छता संबंधी पहलों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवकों एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता को जनभागीदारी के साथ जन-आंदोलन बनाने का संदेश दिया गया। विशेष अभियान स्वच्छता ही सेवा 6.0 के अंतर्गत सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ लंबित मामलों के निपटारे, अनावश्यक अभिलेखों एवं सामग्री के निस्तारण तथा कार्यस्थलों को अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित एवं कार्यकुशल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री जसमनप्रीत सिंह, वरिष्ठ उप - महापौर चंडीगढ़ ने भाग लिया और सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में युवाओं की भूमिका तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन मे वृक्षिता यूथ क्लब का योगदान रहा तथा क्लब के स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता गतिविधियों एवं जागरूकता रैली में सक्रिय सहभागिता की। जनभागीदारी की भावना को और सुदृढ़ करते हुए उत्तम स्वीट्स एंड बेकर्स, सेक्टर-44, चंडीगढ़ ने प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों के लिए जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर श्री प्रीतम सिंह, निदेशक, पीआईबी चंडीगढ़, ने श्री जसमनप्रीत सिंह, वरिष्ठ उप महापौर, को स्मृति चिह्न भेंट किया। इसी दौरान सीबीसी की ओर से सभी प्रतिभागियों को टोपी, मास्क, ग्लव्स भी दिए गए। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में माई भारत, चंडीगढ़ के जिला युवा अधिकारी श्री विनय कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही इसे एक स्थायी जन-अभियान बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों और युवाओं की सहभागिता ने इस संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

CMYK